दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। गुरुवार 16 जनवरी-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 28 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3










# भाजपा ने जारी की दिल्ली चुनाव को लेकर स्टार प्रचारकों की लिस्ट

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ सहित कई नाम शामिल






**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को अपने स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी कर दी। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, पीयूष गोयल, शिवराज सिंह चौहान, मनोहर लाल खट्टर, धर्मेंद्र प्रधान, हरदीप सिंह पुरी, गिरिराज सिंह समेत 40 लोगों के नाम शामिल हैं।

भाजपा ने अपने स्टार प्रचारकों की लिस्ट में कई राज्यों के मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम को भी जगह दी है, जिनमें असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस के नाम हैं।

इसके अलावा स्टार प्रचारक में वीरेंद्र सचदेवा, बैजयंत पांडा, अतुल गर्ग, हर्ष मल्होत्रा, केशव प्रसाद मौर्य, प्रेमचंद बैरवा, सम्राट चौधरी, डॉ। हर्षवर्धन, हंस राज हंस, मनोज तिवारी, रामवीर सिंह बिधूड़ी, योगेंद्र चंदोलिया, कमलजीत सहरावत, प्रवीण खड़ेलवाल, बासुरी स्वराज, स्मृति ईरानी, अनुराग ठाकुर, हेमा मालिनी, रवि किशन, दिनेश लाल यादव (निरहुआ) और सरदार राजा इकबाल सिंह को भी शामिल किया गया है।

खास बात यह है कि भाजपा के सबसे बड़े चेहरे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली चुनाव में प्रचार का आगाज भी कर दिया है। उन्होंने जनसभाओं को संबोधित करते हुए मौजूदा आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार पर जोरदार जुबानी हमले भी किए थे।

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 5 फरवरी को एक फेज में वोट डाले जाएंगे। वहीं, नतीजे का ऐलान 8 फरवरी को होगा। चुनाव आयोग के मुताबिक दिल्ली में 83,49,645 पुरुष, 71,73,952 महिला और 1,261 थर्ड जेंडर को मिलाकर कुल 1.55 करोड़ मतदाता अपने बहुमूल्य अधिकार का प्रयोग करेंगे।

# गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग का भी स्टार प्रचारकों में नाम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपने प्रमुख चेहरों को स्टार प्रचारकों की लिस्ट में शामिल किया है। इस लिस्ट में जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ सहित 6 राज्यों के मुख्यमंत्रियों के नाम शामिल हैं। वहीं पार्टी ने इस लिस्ट में कई बड़े नेताओं को शामिल किया है। यहां पर बड़ी बात यह है कि दिल्ली चुनाव की सहप्रभारी के तौर पर जिम्मेदारी संभाल रहे गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग का नाम भी स्टार प्रचारकों की इस महत्वपूर्ण सूची में शामिल किया गया है। एक तरीके से कहा जाए तो पार्टी आलाकमान ने अतुल गर्ग को अब उस

**अतुल गर्ग की गिनती भाजपा के तर्कशील वक्ताओं में होती है। वर्तमान में वह जहां पार्टी की उस संसदीय बैठक का हिस्सा बन रहे हैं, जिसमें पीएम शामिल हो रहे हैं।**



श्रेणी में स्थान दे दिया है जिसमें पार्टी के प्रमुख चेहरे शामिल होते हैं। श्री गर्ग के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि बताई जा रही है। उनके समर्थकों में इस बात का उत्साह है। गौरतलब है कि सांसद बनने के बाद अतुल गर्ग को पार्टी लगातार बड़ी जिम्मेदारियों पर बैठा रही है। उनके लगातार बढ़ते कद से गाजियाबाद का भी नाम राष्ट्रीय पटल पर आ रहा है। अतुल गर्ग की गिनती भाजपा के तर्कशील वक्ताओं में होती है। वर्तमान में वह जहां पार्टी की उस संसदीय बैठक का हिस्सा बन रहे हैं, जिसमें पीएम शामिल हो रहे हैं। वहीं दिल्ली चुनाव में उनको बड़े-बड़े चुनावी आयोजनों में मुख्य अतिथि के तौर पर भी शामिल किया जा रहा है।

# प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित बेनीवाल के पिता राजबीर सिंह का हुआ निधन

**- पिता को याद करते हुए भावुक कर गए मोहित बेनीवाल के शब्द**




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मोहित बेनीवाल भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष रहे हैं। वो प्रदेश उपाध्यक्ष हैं और एमएलसी हैं। मोहित बेनीवाल के पिता राजबीर सिंह का निधन हो गया। अपने पिता के निधन पर मोहित बेनीवाल ने एक बेटे के रूप में उन्हें अपने शब्दों से श्रद्धांजलि दी। एक बेटे ने अपने पिता के लिये अपने जीवन का सार लिखा तो वो शब्द सभी को भावुक कर गए।

मोहित बेनीवाल ने अपने पिता को याद करते हुए लिखा कि मेरे पिता मेरे जीवन का एक ऐसा सूर्य जिनकी रोशनी ने जीवन में हमेशा उजाला किया। उन्होंने अपने पिता को नमन करते हुए लिखा कि मैंने जिनकी उंगली पकड़कर चलना सीखा। एक पिता से हमेशा विरासत मिलती है, एक पिता से संस्कार मिलते हैं और पिता के निधन पर मोहित बेनीवाल ने अपने शब्दों से ये बताया कि उन्हें संस्कारों की ये पूंजी अपने पिता से विरासत में मिली।

मोहित बेनीवाल ने लिखा कि मैंने अपने पिता के जीवन से हमेशा सच्चाई, दृढं संकल्प, परिश्रम, समाजसेवा तथा ईमानदारी की प्रेरणा ली। अपने पिता को नमन करते हुए मोहित बेनीवाल ने लिखा कि श्रद्धेय पिताजी आदरणीय श्री राजबीर सिंह जी आज हम सबकर छोड़कर चले गए। मोहित बेनीवाल भाजपा की राजनीति का शिक्षित, आधुनिक और संस्कारवान चेहरा हैं। अपने पिता के निधन पर उन्होंने जिन शब्दों के साथ श्रद्धासुमन अर्पित किये, वो शब्द सभी को भावुक कर रहे हैं। मोहित बेनीवाल को शोक सांत्वना देने वालों का एक बड़ा सिलसिला उनकी पोस्ट पर भी रहा। उनके शब्दों ने सभी को ये बताया कि पिता जीवन का आधार होते हैं।

एक पुत्र में पिता के संस्कार होते हैं और पिता का जीवन से जाना कोई छोटी घटना नहीं होती है। पिता भले ही जीवन में ना रहें, लेकिन वो संस्कार बनकर, वो याद बनकर, वो एक मिसाल बनकर अपनी संतान के जीवन में रहते हैं। पिता कभी नहीं मरते हैं, पिता हमेशा विचारों में, सोच में, संस्कारों में जिंदा रहते हैं।

## महानगर अध्यक्ष पद को लेकर राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने रखी एक अलग राय

# कहा, जो बने वो ही अच्छा, मगर एससी या ओबीसी बने तो और भी अच्छा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** महानगर वाली जंग तेज होती जा रही है। कई नाम रेस से बाहर हो गए हैं और अब सीन सेमीफाइनल से फाइनल की ओर बढ़ रहा है।

भाजपा का महानगर अध्यक्ष बनने के लिये 63 भाजपा नेताओं ने आवेदन किया और जब बारी जनप्रतिनिधियों की आई तो एक नाम पर सहमति ही नहीं बन पाई। गेस्ट हाउस वाली बैठक में फिर ये तय हुआ कि बेस्ट यही रहेगा कि सब अपनी-अपनी पसंद के तीन-तीन नाम दे दें।

महानगर अध्यक्ष के लिये मेयर ने



**दैनिक करंट क्राइम ने पहले ही लिखा था कि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप 'ना काहू से दोस्ती, ना काहू से बैर' वाले मोड में है।**

अपनी पसंद के नाम दिये, सांसद ने अपनी पसंद के नाम दिये, विधायकों ने अपनी पसंद के नाम दिये और इस तरह से अलग-अलग नामों वाली पर्चियां लखनऊ पहुंच गई। जनप्रतिनिधियों ने उनकी राय मानी गई तो उन्होंने अपनी पसंद के तीन नाम दिये हैं। जो चचाएं बाहर आ रही हैं वो ये है कि ठाकुर और ब्राह्मण फैक्टर पर चर्चा ही नहीं हुई। सीन ओबीसी, वैश्य और त्यागी फैक्टर के बीच आ गया है। ऐसे में दैनिक करंट क्राइम ने भाजपा के ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप से बात की।

दैनिक करंट क्राइम ने पहले ही लिखा था कि 'ना काहू से दोस्ती, ना काहू से बैर' वाले मोड में है। जब करंट क्राइम ने उनसे महानगर अध्यक्ष को लेकर बात की तो पहले वो उसी मोड में नजर आए। उन्होंने कहा कि मैं संगठन की भूमिका में ज्यादा इन्वॉल्व नहीं होता हूं। संगठन सर्वोपरि होता है और जो भी महानगर अध्यक्ष बनेगा वो हमारा अध्यक्ष होगा। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद की बात करें तो यहां भाजपा की लीडरशिप बड़ी है, जनादेश बड़ा है और यहां भाजपा के कार्यकर्ता काबिल है। महानगर अध्यक्ष का जहां तक सवाल है तो ये सामाजिक समीकरण और राजनीतिक परिस्थितियों पर भी निर्भर करता है। इसके बाद राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने समीकरण की बात की और फिर वो एक तरह से सियासी औपचारिकता से बाहर आए। उन्होंने कहा कि यदि मैं सामाजिक समीकरण की बात करूं तो इस समीकरण की दृष्टि से यहां वैश्य समाज को समुचित प्रतिनिधित्व मिला है।

यदि मैं ब्राह्मण समाज की बात करूं तो उनकी भी सत्ता में समुचित भागीदारी है और यहां अगर कोई समाज है जिसे हम नहीं दे पाएं हैं तो हमें उस समाज को साथ लेना होगा, उनकी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। यदि हम ऐसा करते हैं तो निश्चित रूप से उन समाजों की भी राजनीतिक निष्ठा भाजपा के साथ जुड़ेगी और बढ़ेगी।

राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने कहा कि यदि पार्टी ओबीसी और एससी समाज को आगे लाए तो ये पार्टी हित में होगा। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष वाले फॉर्मेट में इन समाजों को भी रखना चाहिए। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने संगठन में अध्यक्ष पद पर एससी भागीदारी पर जोर देते हुए कहा कि गाजियाबाद में एससी समाज के लगभग डेढ़ लाख वोट हैं। अगर हम इस समाज के प्रति सॉफ़्ट सपोर्ट चाहते हैं तो हमें एससी समाज की राजनीतिक भागीदारी पर विचार करना होगा। ओबीसी समाज तो पहले से मेजोरिटी में है। हमें एससी समाज पर विचार करना होगा।

राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने कहा कि जो भी अध्यक्ष बनेगा वो निश्चित रूप से अच्छा बनेगा, लेकिन मेरा निजी तौर पर ये विचार है कि अगर महानगर अध्यक्ष एससी या ओबीसी समाज से आएगा तो और भी अच्छा रहेगा। दैनिक करंट क्राइम ने जब उनसे ये सवाल किया कि आपने जो तीन नाम दिये हैं उन तीन नामों में आपकी विचारधारा से जुड़े कितने नाम हैं। इस पर राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने कहा कि मेरे पैनल में मेरे विचारों की झलक दिखाई देगी।

## मिजोरम की धरती पर दिया गया जनरल वीके सिंह को ऐतिहासिक गार्ड ऑफ ऑनर

# आज लेंगे वो मिजोरम के महामहिम राज्यपाल पद की शपथ






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दो बार गाजियाबाद के लोकसभा सांसद रहे तथा केंद्र सरकार में मंत्री रहे पूर्व थल सेना अध्यक्ष जनरल वीके सिंह का मिजोरम की धरती पर भव्य स्वागत हुआ और उन्हें ऐतिहासिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। जनरल वीके सिंह आज मिजोरम के राज्यपाल पद की शपथ लेंगे। अपने इस ऐतिहासिक गार्ड ऑफ ऑनर से अभिभूत जनरल वीके सिंह ने कहा कि लेंगपुई हवाई अड्डे पर आगमन के समय मुझे मुख्यमंत्री और उनके मंत्रीमंडल के सदस्यों से मिले सादर स्वागत से अत्याधिक सम्मानित और हंबल महसूस हुआ। उनका गर्मजोशी से भरा स्वागत मेरे ऊपर एक अमिट छाप छोड़ गया। ये मिजोरम के लोगों की सच्ची मेहमाननवाजी और दयालुता को दशार्ता है। जनरल वीके सिंह जब मिजोरम पहुंचे तो उससे पहले उन्होंने आसाम में मां कामख्या मंदिर में पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद लिया। इस दौरान उनकी पत्नी भारती सिंह और बेटी मृणालिनी सिंह भी उनके साथ मौजूद थीं। जनरल वीके सिंह आज मिजोरम के गवर्नर पद की शपथ लेंगे। उनके समर्थकों में उत्साह बरकरार है। काफी संख्या में उनके समर्थक उनके साथ मिजोरम गए हैं। ये सभी अब मिजोरम के मेहमान हैं। आज शपथ ग्रहण समारोह में देश और विदेश के कई मेहमान पहुंचेंगे।

जनरल वीके सिंह सेना के अध्यक्ष रहे हैं। उनकी अपनी एक अलग पहचान है, उन्हें संकट मोचक भी कहा जाता है। वो शपथ ग्रहण से एक दिन पहले इंडीगो की फ्लाइट से मिजोरम पहुंचे हैं। गाजियाबाद से कई चेहरे यहां दिखाई दे रहे हैं। मिजोरम से पहले उन्होंने आसाम के गुवाहाटी में मां कामाख्या के दर्शन किये। इस दौरान उनके साथ कुलदीप चौहान भी मौजूद रहे। मिजोरम के हवाई अड्डे पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वहां से मुख्यमंत्री ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। आज जब जनरल वीके सिंह मिजोरम के राज्यपाल पद की शपथ लेंगे तो इसी के साथ उनकी एक नई पारी शुरू होगी। उनके समर्थकों में उत्साह है और गाजियाबाद में भी इसका एक विशेष संदेश है। वो गाजियाबाद से लगातार दो बार सांसद रहे हैं। यहां उनके समर्थक भी हैं, प्रशंसक भी हैं और गाजियाबाद से उनका विशेष नाता है।






# संतों की चरण रज लेकर अभिभूत हुईं महिलाएं

## देश के कोने-कोने तक पहुंचा कुंभ मंथन से निकला अमृत

प्रयागराज। अमृत स्नान के लिए निकले संतों की चरण रज लेने की होड़ श्रद्धालुओं में रही। खासतौर पर महिलाएं इसके लिए लालायित दिखीं। पुलिस बल के कई बार हटाने के बावजूद महिला श्रद्धालु अखाड़ा मार्ग के बीचो-बीच आकर झोली में चरण रज बटोरती दिखीं। महाकुंभ के पहले अमृत स्नान के लिए मंगलवार भोर से अखाड़ों को रवाना होना था। अखाड़ों में शामिल नागा संन्यासी, महामंडलेश्वर, आचार्य की चरण रज लेने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु देर-रात से डेरा डालकर बैठे थे। मध्य प्रदेश के दतिया की राजकुमारी, बाराबंकी की कौशल्या, राजस्थान की नंदनी, सुधा, रितिका आदि परिवार के साथ महाकुंभ स्नान के लिए आई थीं। स्नान करके आधी रात को ही अखाड़ा मार्ग पहुंच गई। सात घंटे इंतजार के बाद जब भोर में महानिवार्णी अखाड़े के संत गुजरे तब जाकर चरण रज मिल सकी। चरण रज अपने आंचल में बांधते समय राजकुमारी, कौशल्या समेत महिला श्रद्धालु अभिभूत नजर आईं। चरण रज अपने माथे पर लगाने के साथ परिजनों के माथे पर भी लगाई।









प्रयागराज। अमृत स्नान के लिए निकले संतों की चरण रज लेने की होड़ श्रद्धालुओं में रही। खासतौर पर महिलाएं इसके लिए लालायित दिखीं। पुलिस बल के कई बार हटाने के बावजूद महिला श्रद्धालु अखाड़ा मार्ग के बीचो-बीच आकर झोली में चरण रज बटोरती दिखीं। महाकुंभ के पहले अमृत स्नान के लिए मंगलवार भोर से अखाड़ों को रवाना होना था। अखाड़ों में शामिल नागा संन्यासी, महामंडलेश्वर, आचार्य की चरण रज लेने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु देर-रात से डेरा डालकर बैठे थे। मध्य प्रदेश के दतिया की राजकुमारी, बाराबंकी की कौशल्या, राजस्थान की नंदनी, सुधा, रितिका आदि परिवार के साथ महाकुंभ स्नान के लिए आई थीं। स्नान करके आधी रात को ही अखाड़ा मार्ग पहुंच गई। सात घंटे इंतजार के बाद जब भोर में महानिवार्णी अखाड़े के संत गुजरे तब जाकर चरण रज मिल सकी। चरण रज अपने आंचल में बांधते समय राजकुमारी, कौशल्या समेत महिला श्रद्धालु अभिभूत नजर आईं। चरण रज अपने माथे पर लगाने के साथ परिजनों के माथे पर भी लगाई।

मकर संक्रांति पर कुंभ मंथन से निकला अमृत देश के कोने-कोने तक पहुंचा। करोड़ों श्रद्धालुओं ने जहां गंगा में डुबकी लगाकर अमृत स्नान किया, वहीं जो नहीं आ सके, उनके लिए श्रद्धालु अमृत रूपी गंगाजल गैलन में भरकर साथ ले गए। जम्मू से आए संजीव कुमार व उनकी पत्नी सुमन दो बड़े गैलन में गंगाजल भरकर ले गए। दंपती ने बताया कि यह गंगाजल अपने-अपने माता-पिता, दोनों बच्चों और मोहल्ले वालों को देंगे। कोई और भी मांगेगा तो उसे भी देंगे।

पहली बार महाकुंभ में आईं सुमन कहती हैं, गंगाजल मेरे लिए अमृत जैसा है। इसका कोई मोल नहीं है। इसे बहुत संभालकर रखेंगे। वहीं, टेलरिंग का काम करने वाले संजीव को विश्वास है कि संगम का यह जल उनके व्यवसाय के लिए अमृत साबित होगा। जम्मू पहुंचने पर पूरे घर और दुकान में गंगाजल छिड़केंगे। शाहजहांपुर से आए जदुवीर सिंह, राम भरोसे व मुन्नी देवी भी पांच गैलन में गंगाजल भरकर ले गए। जदुवीर ने कहा कि गांव से जो लोग नहीं आ सके, उनको गंगाजल बांटेंगे। राम भरोसे का कहना था कि हर साल माघ में प्रयागराज आना नहीं हो पाता है। अगर किसी कारणवश भविष्य में नहीं आ पाते हैं तो संगम के इस जल से ही स्नान कर मान लेंगे कि पुण्य की डुबकी लगा ली है। मुन्नी देवी बताती हैं, गांव में जब किसी का आखिरी वक्त आता है तो उसे गंगाजल दिया जाता है, ताकि मोक्ष प्राप्त हो सके। लोग एक-दूसरे के घरों में जाकर गंगाजल मांगते हैं। कभी-कभी रुद्राभिषेक के लिए गंगाजल नहीं मिलता है। यह गंगाजल सिर्फ मेरे परिवार के लिए नहीं, बल्कि पूरे गांव के लिए है। सबको पुण्य मिले, इसी कामना से गंगाजल साथ ले जा रहे हैं।

## आए थे पुण्य की डुबकी लगाने... पुलिस ने घुमा दिया पूरा शहर



एक साल से महाकुंभ का इंतजार कर रहा था, ताकि संगम में आकर पुण्य की डुबकी लगाऊं। लेकिन, शहर में श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह किए गए डायवर्जन से सिर चकरा गया। घूमते-घूमाते 15 से 20 किमी शहरभर में चक्कर काटा, फिर जाकर संगम में डुबकी लगाने का मौका मिला। यह कहना है पटना से आए रामनाथ का था। यही हाल कई श्रद्धालुओं का रहा। महाकुंभ का सकुशल आयोजन कराने को लेकर पुलिस की ओर से रेलवे स्टेशन, बस अड्डे और शहरी सीमा से मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बैरिकेडिंग अलग-अलग रूटों से मेला में प्रवेश दिया जा रहा है। ऐसे में जगह-जगह घुमावदार रास्ते से श्रद्धालुओं को लंबा चक्कर काटना पड़ा। वहीं, उधमपुर से आए श्रीनाथ ने बताया कि वह सोमवार रात दो बजे प्रयागराज आ गए। जंक्शन पर उतरने के बाद लाखों की संख्या में भीड़ थी। स्टेशन के बाहर आते ही पुलिस वालों ने संगम के रास्ते जाने के लिए कहा। तकरीबन 10 किमी का रास्ता पैदल तय किया। लेकिन, एक इस बीच एक भी ई-रिक्शा या फिर कोई अन्य वाहन की व्यवस्था नहीं थी। वहीं, अमृतसर से आए नीरज अहूजा ने बताया कि संगम में पुण्य की डुबकी लगानी है तो थोड़ी दिक्कत झेलनी पड़ेगी।

# इंटर कॉलेज की 5000 छात्राओं को सुदृढ़ बनाने में जुटा निगम

## नगर पालिका कॉलेज में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने किया स्वच्छ भारत तथा स्टेम लैब का उद्घाटन







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त द्वारा नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज जहां पर लगभग 2000 छात्राएं हैं स्वच्छ भारत लैब तथा स्टेम लैब की शुरुआत की गई उद्घाटन किया गया, साथ ही उपस्थित छात्राओं को निगम की स्कूल का नाम रोशन करने हेतु मोटिवेट भी किया गया बड़ी-बड़ी सभी छात्राओं द्वारा बनाए गए मॉडल को भी देखा गया। मौके पर अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, प्रधानाचार्य अंतिम चौधरी व अन्य उपस्थित रहे।

नई सोच के साथ, स्वच्छ भारत लैब, भारत की पहली प्रयोगशाला : नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद में भारत की पहली प्रयोगशाला स्वच्छ भारत प्रयोगशाला बनाई गई जिसमें लगभग 12 से 14 मॉडल बनाए गए हैं जो कि पर्यावरण को स्वच्छ और बेहतर बनाने के लिए छात्राओं को जागरूक करेंगे कल को बेहतर बनाने के लिए आज छात्राओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना बेहद जरूरी है जिसके लिए गाजियाबाद नगर निगम स्कूलों में इसी प्रकार की लैब बनाई जाएगी।

अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव द्वारा बताया गया कि नगर आयुक्त के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम की स्कूल तरक्की कर रहे हैं। छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए भी गाजियाबाद नगर निगम के स्कूलों में प्रयोगशालाओं का शुभारंभ सराहनीय है जिससे पर्यावरण को स्वच्छ और बेहतर बनाए रखने के लिए पढ़ने वाली छात्राएं जागरूक होगी। छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा इसके लिए अन्य सामाजिक संस्थाएं भी निगम का सहयोग कर रही है मौके पर स्पार्क एस्ट्रोनॉमी की टीम भी उपस्थित रही।



### पर्यावरण सुरक्षित बनाने हेतु छात्राओं का आज सुदृढ़ होना कल को बेहतर बनाएगा : नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक

स्वच्छ भारत लैब के साथ-साथ गाजियाबाद नगर आयुक्त द्वारा स्टेम लैब की भी शुरूआत की गई जिसमें 9वीं क्लास से लेकर 12वीं क्लास तक की छात्राओं द्वारा स्टेम लैब को बनाया गया है, साइंस टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग मैथमेटिक्स कि इस लैब में छात्राओं द्वारा बनाए गए मॉडल लगाए गए जिसमें स्मार्ट डस्टबिन रोबोटिक मॉडल बनाकर प्रस्तुत किये गए। नगर आयुक्त ने छात्राओं की रचनात्मकता से प्रभावित होकर पांच बेस्ट मॉडलों को नगर निगम की तरफ से पुरस्कृत करने का वादा किया।

# कुंभ स्नान में 11 श्रद्धालुओं की मौत की फैलाई अफवाह

## विदेश में रहने वाले आरोपी के खिलाफ एफआईआर



**आजमगढ़।** प्रयागराज में आयोजित कुंभ मेले को लेकर आजमगढ़ जिले के फूलपुर तहसील क्षेत्र के रहने वाले एक युवक ने सउदी अरब से 11 श्रद्धालुओं के ठंड से मरने की अफवाह फैलाई। जैसे ही यह मैसेज सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। पुलिस हरकत में आई और उसने उक्त आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया और उसके पासपोर्ट के निरस्तीकरण की कार्रवाई में जुट गई।

### यह है पूरा मामला

मंगलवार को महाकुंभ को लेकर फेसबुक पर एक पोस्ट डाली गई। इस पोस्ट के जरिये व्यक्ति ने लिखा कि कुंभ स्नान में ठंड लगने से 11 श्रद्धालुओं की हार्ट अटैक से मौत हो चुकी है। आपातकालीन आईसीयू कैंप मरीजों से खचाखच भरे हैं। इस पोस्ट के फैसबुक पर वायरल होते ही पुलिस हरकत में आ गई। जांच पड़ताल में पुलिस को पता चला कि उक्त पोस्ट को फूलपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले राकेश यादव आजमगढ़िया द्वारा वायरल किया गया है। वह वर्तमान में सऊदी अरब में रहकर नौकरी करता है। एसपी ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि उक्त युवक फूलपुर कोतवाली क्षेत्र का रहने वाला है। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। साथ ही उसके पासपोर्ट के निरस्तीकरण की कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार आगे कार्रवाई की जाएगी।




# मिल्कीपुर विधानसभा चुनाव में भाजपा की होगी जबर्दस्त जीत : डिप्टी सीएम बृजेश पाठक

### इंडी गठबंधन की असलियत सामने आ चुकी है, लोग इनके झांसे में नहीं आने वाले



**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा के चाइल्ड पीजीआई में बीएमटी यूनिट के शुभारंभ के मौके पर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, सांसद महेश शर्मा व पीजीआई के डायरेक्टर।

मिल्कीपुर में चुनाव एकतरफा होगा। इस बार भाजपा बड़े अंतर से जीतेगी। इंडी गठबंधन ने जो खटा खट, चटाचटा जो आठ हजार रुपए आने वाले हैं।

इन लोगों की असलियत सामने आ चुकी है। इनकी कलई खुल चुकी है। कुंभ के विषय में बताया कि ये अविस्मरणीय है। जिसका नजारा दुनिया देख रही है। ये बात प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कही। वो यहां चाइल्ड पीजीआई में बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट (बीएमटी) का शुभारंभ करने आए थे।

उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए चाइल्ड पीजीआई में बोन मैरों ट्रांसप्लांट की सुविधा जो प्रदेश किसी भी सरकारी अस्पताल में नहीं है। उसका आज विधिवत लोकार्पण किया गया है। ये सुविधा देश के कुछ ही निजी अस्पताल में है। अब यहां बच्चों को निशुल्क सुविधा दी जाएगी। प्रदेश के सीएम ने उप्र की चिकित्सा सुविधा को बढ़ाया है। इसके अलावा जिला अस्पताल में एसएनसीयू का उद्घाटन किया।

**बीएमटी यूनिट खुलने से बच्चों को होगा लाभ :** डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने सेक्टर 30 स्थित पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड हेल्थ केयर पहुंचे और उन्होंने यहां बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट का उद्घाटन किया। चाइल्ड पीजीआई में इटळ यूनिट में 8 बेड होंगे और इसको लगाने में करीब चार करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। यहां तीन डॉक्टर और 30 नर्स को नियुक्त किया गया है। अस्पताल के डायरेक्टर डॉक्टर अरुण कुमार सिंह ने बताया कि लखनऊ के पीजीआई के बाद नोएडा में बाल मरीजों के लिए ये सुविधा शुरू की गई है।

**बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का प्रयास :** उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से आज उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं काफी बेहतर हो गई हैं। प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में लगातार देश तरक्की कर रहा है।

प्रदेश की 25 करोड़ जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि, यह यूनिट बच्चों के लिए वरदान साबित होगी।

# रक्षा मंत्रालय की 161 एकड़ जमीन से हटाया अतिक्रमण

## 40 साल पुराना कब्जा खत्म, 1000 से ज्यादा झुग्गियां हटाईं



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विजयनगर क्षेत्र में रक्षा मंत्रालय की जमीन से अवैध कब्जा हटाने का अभियान तीसरे दिन भी जारी है। रक्षा संपदा कार्यालय मेरठ मंडल के अनुसार, यहां 161.5116 एकड़ जमीन पर राइफल रेंज स्थापित है, जिस पर पिछले 40 वर्षों से अवैध कब्जा था। इस जमीन पर 1000 से अधिक झुग्गियां और कई स्थाई व अस्थाई निर्माण किए गए थे। रक्षा संपदा कार्यालय के एसडीओ वी.के. गुप्ता ने बताया कि अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया 2014 में शुरू हुई थी, जब पहला नोटिस जारी किया गया। 2016 में सुनवाई प्रक्रिया पूरी होने के बाद अतिक्रमणकारियों को स्वयं निर्माण हटाने का निर्देश दिया गया था। प्रशासन ने कार्रवाई से पहले 6 दिनों तक मुनादी करवाई और लोगों को पर्याप्त समय दिया। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान बुधवार को कुछ लोगों ने चौधरी मोड फ्लाईओवर पर विरोध स्वरूप जाम लगाने का प्रयास किया, जिसे पुलिस के हस्तक्षेप के बाद हटा दिया गया। एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी के अनुसार, कार्रवाई के दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। भविष्य में अतिक्रमण रोकने के लिए जमीन पर वृक्षारोपण किया जाएगा और फेंसिंग तथा बाउंड्री वॉल का निर्माण प्रस्तावित है। स्थानीय सेना इकाई के साथ समन्वय कर जमीन की निगरानी की जाएगी।

### फिर बिगड़े रमेश बिधूड़ी के बोल, कहा-'हिरनी के जैसे घूम रही हैं आतिशी'

**नई दिल्ली।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव के बीच सियासी बयानबाजी जारी है। एक बार फिर कालकाजी से भाजपा के उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी का विवादित बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि आतिशी दिल्ली की सड़कों पर हिरनी की तरह घूम रही हैं। इस बयान के आने के बाद चर्चाएं शुरू हो गई हैं। जानकारी के लिए बता दें कि कालकाजी विधानसभा से रमेश बिधूड़ी ने आज नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद भाजपा प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी ने कहा कि यहां कोई लड़ाई नहीं है। यहां बहुत बड़ी सत्ता विरोधी लहर है। लोगों ने आतिशी को विदाई दे दी है। उनके नामांकन के समय कालकाजी से 50 लोग भी नहीं थे। हम राजनीति में लोगों की सेवा करने आए हैं। अरविंद केजरीवाल की तरह झूठ बोलकर सीएम बनने नहीं आए।

**कालकाजी की जनता परेशान :** रमेश बिधूड़ी कालकाजी विधानसभा से भाजपा उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी ने नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद कहा कि यहां मुद्दे सड़क संपर्क, पानी के मुद्दे, सीवरेज के हैं।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...



करंट क्राइम | ट्वीट का करंट

Bhupinder Singh Rawat
45m

बेहतरीन लोग इत्तेफाक से मिलते हैं,
और ये इत्तेफाक
हर किसी की जिंदगी में नहीं होते!!!



# धूमधाम से मनाया गया बसपा सुप्रीमो मायावती का जन्मदिन






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बहुजन पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। हिंदी भवन में आयोजित समारोह में कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को बधाई दी।

जन्मदिन के मौके पर हजारों की तादाद में कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को जन्मदिन की बधाई दी कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने प्रस्तुति एवं बहन कुमारी मायावती का जीवन परिचय नाटक के रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत बहन कुमारी मायावती की प्रेस कॉन्फ्रेंस को लाइव सुनकर किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री राजकुमार गौतम ने बहन कुमारी मायावती जी के जन्मदिन की सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी। कहा बहुजन समाज का कोई घोषणा पत्र नहीं होता बसपा केवल समता मूलक समाज की स्थापना ही घोषणा पत्र है। बाबा साहब का दिया हुआ संदेश ही समता मूलक समाज की स्थापना है। कार्यकर्ताओं को संगठन के कार्य में जुड़कर बहन जी को जन्मदिन का पुरस्कार देने निवेदन किया।

कार्यक्रम में टीवी स्टार मनजीत मेहरा द्वारा बहन कुमारी मायावती का जीवन परिचय गाने के रूप में प्रस्तुत किया। राजकुमार गौतम ने बताया कि बहन दबे कुचले समाज के साथ-साथ सर्व समाज के लोगों की रहबर है। इस शुभ अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष पूर्व मंत्री दयाराम सैन ने कहा कि बहन कुमारी मायावती का जन्मदिन पूरे देश में खुशी का पल लाता है। आज के दिन हमारी पार्टी के करोड़ों लोगों ने बहन जी को जन्मदिन की बधाई दी है और अपनी अपनी तरफ से पूरा जीवन बहनजी के मूवमेंट में लगाने का संकल्प लिया जिला अध्यक्ष ने कहा कि बहनजी की चार बार की सरकार में सर्व समाज के सभी वर्गों का ध्यान रखा जिसमें सर्वजन हिताय सर्जन सुखाय की सरकार साबित हुई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजकुमार गौतम, ओमवीर महानगर अध्यक्ष, परमानंद गर्ग की उपस्थिति रही। जिला अध्यक्ष ने सभी विधानसभा अध्यक्ष वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में मुख्य उपस्थिति ओमवीर सिंह, अनिल गौतम, अमरपाल गुर्जर, नदीम चौधरी, पंकज शर्मा, ओमपाल भाटी, सचिन कसाना, मुनव्वर चौधरी, पंकज कश्यप, राजकुमार सेन, जेपी पार्षद, अशोक सेठ, विनोद कर्दम, छत्रपाल। कुलदीप ओके, रवि जाटव, मीना राज, एडवोकेट प्रदीप, एडवोकेट सोनू, आनंद, प्रवीण कुमार, गीता रानी, एडवोकेट विकास, हेमंत कुमार, शारदा, घनश्याम, नरेश जाटव, गंगासरण, बबलू, मुकेश जाटव, हरबीर जाटव, अजीत जाटव, बाबूलाल सेन मौजूद रहे।

## बोलता फोटो



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। इन दिनों भाजपा महानगर अध्यक्ष वाली दावेदारी वाला दौर चरम पर है। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार के बर्थडे पर भाजपा विधायक एवं अध्यक्ष संजीव शर्मा व महानगर अध्यक्ष के दावेदार पवन गोयल काफी देर तक अकेले में गुफ्तगू करते नजर आए। शायद वो इस चर्चा में जानना चाह रहे हों कि जो आपके दिल के नजदीक है उनके इरादों की क्या तस्दीक है। शायद संजीव शर्मा ने बोला हो उनकी ओर से ऑल इज वेल। वर्तमान अध्यक्ष के साथ अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार पवन गोयल का यह गुफ्तगू वाला फोटो बना बोलता हुआ फोटो।

फोटो : वरुण लाहोरिया

महानगर अध्यक्ष पर आया सांसद अतुल गर्ग का बयान, कहा-

# जो भी अध्यक्ष बनेगा वो पक्षपात नहीं करेगा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा महानगर अध्यक्ष कौन बनेगा इसको लेकर मामला हॉट बना हुआ है। चर्चा यहां पर दो पावर सेंटर की होती है। पहला पावर सेंटर सांसद अतुल गर्ग का बताया जाता है तो दूसरे पावर सेंटर में उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री एवं विधायक साहिबाबाद सुनील शर्मा की होती है। माना यही जा रहा है कि महानगर अध्यक्ष को लेकर इन्हीं दो पावरों सेंटरों के बीच में जंग चल रही है। ऐसे में अध्यक्ष किस पावर सेंटर से निकल कर आएगा, इस पर सबकी नजर है। इस मामले में करंट क्राइम ने सांसद अतुल गर्ग से बात की। उन्होंने किसी भी तरह के पावर सेंटर वाली बात से इनकार किया। उन्होंने कहा कि सभी की सहमति ली जा रही है। सभी जनप्रतिनिधियों से तीन-तीन नामों के पैनल मांगे गए हैं। मैंने भी पार्टी के निर्देशों पर अपना पैनल भेजा है। अध्यक्ष किसके पक्ष का बनेगा, इस सवाल के जवाब में अतुल गर्ग ने कहा कि पार्टी जिसे भी अध्यक्ष बनाएगी वो हमारा नेता होगा। जो व्यक्ति अध्यक्ष बन जाता है, वो पक्षपात नहीं करता है। वो सबको साथ लेकर चलता है। वो जानता है कि उसे अपनी जिम्मेदारी निभानी होती है।

# 17 जनवरी को लखनऊ से चलकर मेरठ पहुंचेंगे महानगर अध्यक्ष वाले कौन से तीन नाम

## जिनमे से एक नाम पर आएगा अध्यक्ष वाला पैगाम



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा महानगर अध्यक्ष वाली रेस रोचक होती जा रही है। महानगर अध्यक्ष बनने के लिये एक शहर से 63 देवतुल्य कार्यकर्ता आ गए। छंटनी, स्क्रीनिंग, फिल्टर, चिंतन-मंथन बैठक शुरू हुई तो 60 नाम बाहर हो गए। अब सूत्र बताते हैं कि तीन नाम रह गए हैं और 17 जनवरी को ये तीन नाम लखनऊ से मेरठ के लिये चलेंगे और भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचेंगे। इन्हीं में से एक नाम पर अध्यक्ष वाला पैगाम आएगा। सूत्र बताते हैं कि छह नामों से पांच नाम रह गए और अभी राय-मशविरा, चिंतन-मंथन का दौर रुका नहीं है। महानगर अध्यक्ष बनने की हसरत लेकर सभी दावेदार पूरी सियासी कसरत कर रहे हैं। कोई लखनऊ से लौट तो आया है, लेकिन वो बेचैन है। कोई इधर फोन कर रहा है, कोई उधर फोन कर रहा है और हर फोन पर एक ही बात है और सुनाओ महानगर अध्यक्षी वाले सीन में क्या चल रहा है। तीन का जिक्र होता है और सीन की बात होती है। वहीं भाजपा के सूत्र बताते हैं कि तीन में से भी अब दो नाम रह जाने हैं। ये सूत्र बता रहे हैं कि जो चेहरे खुद को अभी रेस में मान रहे हैं उन्हें ये खबर ही नहीं है कि वो पहले राउंड में ही बाहर हो गए हैं। भाजपा वैसे भी इन दिनों सियासत के प्रयोगधर्मिता युग से गुजर रही है। वो नए प्रयोग कर रही है, नए चेहरे ला रही है। मध्यप्रदेश से लेकर अन्य स्थानों पर उसने नए प्रयोग किये हैं। गाजियाबाद में ही उसके प्रयोग नए हुए हैं और सफल रहे हैं। यहां प्रमोशन फॉमूर्ला सफल रहा है।

उन्होने सिटिंग सांसद को गवर्नर बना दिया और सिटिंग विधायक को लोकसभा का टिकट थमा दिया। महानगर अध्यक्ष को विधानसभा का चुनाव लड़ाया और भाजपा का हर प्रयोग उसे रास आया। मेयर की सीट लगातार दूसरी बार महिला के लिये आरक्षित कर दी और सीटिंग महिला मेयर को मौका ना देकर नया चेहरा लाए। ये प्रयोग भी सफल रहा। ऐसे में इस बात की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता कि महानगर अध्यक्ष वाले सीन में कुछ भी हो सकता है। क्योंकि भाजपा सरप्राइज देती है। बहरहाल अब जो सूत्र बता रहे हैं वो ये हैं कि महानगर अध्यक्ष वाले गेम में गेंद अब प्रदेश से निकलकर क्षेत्र वालों के पाले में जानी है। महानगर अध्यक्ष वाले सीन से लेकर दिल्ली वाले सीन तक पांच से में दो नाम उड़ जाएंगे। जब ये तीन नाम बचेंगे तब 17 जनवरी को ये नाम मेरठ में भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचेंगे। बताया जाता है कि भाजपा के प्रदेश चुनाव अधिकारी महेंद्रनाथ पांडेय और क्षेत्रीय चुनाव प्रभारी सुभाष यदुवंशी 17 जनवरी को इन नामों को लेकर भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशौदिया के पास पहुंचेंगे। सूत्र बताते हैं कि जब यहां तीन नाम पहुंचेंगे तो फिर से एक नाम उड़ जाएगा और केवल दो नाम रह जाएंगे और फिर इन्हीं दो नामों से अध्यक्ष वाला पैगाम आ जाएगा।

### लखनऊ-दिल्ली-मेरठ-गाजियाबाद का अध्यक्ष वाला सफर

**करंट क्राइम।** महानगर अध्यक्ष बनने के लिये स्लीपिंग मोड के नेता भी उठकर आ गए। पूर्व अध्यक्ष भी आ गए। सक्रिय कार्यकर्ता भी आ गए। नदिया पार से लेकर लाइनपार क्षेत्र की भाजपाइन भी आ गई। मंडल प्रभारी भी आ गए और क्षेत्रीय पदाधिकारी भी आ गए। एक मेला भगवा दफ्तर पर लगा और अध्यक्ष बनने वालों का एक रैला अपने-अपने नामांकन पत्र लेकर पहुंचा, लेकिन नामांकन की ये यात्रा लंबी हो गई। पहले नाम गाजियाबाद में आए और फिर ये नाम लखनऊ पहुंच गए। गाजियाबाद से लखनऊ पहुंचने में एक स्टेशन सरकारी गेस्ट हाउस वाला भी आया और बताते हैं कि अधिकतर सवारियां इसी स्टेशन पर उतार दी गई। गेस्ट हाउस से चलकर अध्यक्ष वाली गाड़ी लखनऊ पहुंची और यहां कई के नाम साफ हो गए और सूत्र बताते हैं कि लिस्ट हाफ हो गई। छंटनी का ये सिलसिला जारी है और अब गाजियाबाद से लखनऊ और लखनऊ से दिल्ली की यात्रा में पहले मेरठ भी आएगा। मेरठ में तीन नाम पहुंचेंगे और एक नाम यहां उड़ जाएगा। फिर मुकाबला दो नामों के बीच रह जाएगा और अध्यक्ष वाला फरमान दिल्ली से आएगा।

# एंबुलेंस में लगी आग से मची अफरा-तफरी



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** थाना इंदिरापुरम क्षेत्र के एक अस्पताल के बाहर खड़ी एंबुलेंस में आग लग गई। आग लगने का कारण फिलहाल शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। एंबुलेंस मरीज को लेकर आई थी और अस्पताल के बाहर खड़ी थी। सूचना मिलने पर दमकल विभाग मौके पर पहुंचा, दमकल विभाग ने अस्पताल के फायर फाइटिंग और अपनी गाड़ी से आग पर काबू पाया।

गाजियाबाद में दमकल विभाग के चीफ फायर ऑफिसर राहुल पाल ने बताया की गाजियाबाद के थाना इंदिरापुरम क्षेत्र में अटलांटा अस्पताल के बाहर खड़ी एक एंबुलेंस में आग लगने की सूचना फायर स्टेशन को मिली। इसके बाद दमकल विभाग मौके पर पहुंचा। जहां दमकल कर्मियों ने अस्पताल के फायर फाइटिंग और अपनी गाड़ी से एंबुलेंस की आग पर काबू पाया।

प्रथम रूप से देखने से लग रह रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी है। एंबुलेंस मरीज को लेकर आई थी और मरीज को अस्पताल में भर्ती करने के बाद एंबुलेंस बाहर खड़ी थी. गनीमत रही कि जिस दौरान आग लगी उस दौरान एंबुलेंस में कोई मरीज या स्टाफ नहीं था।

# महाकुंभ अनेकता में एकता का दर्शन कराने वाला आयोजन : बालेश्वर त्यागी



**विद्वानों का मत है कि 144 वर्ष बाद समुद्र मंथन जैसा दुर्लभ संयोग इस बार बन रहा है। यह केवल कोई धार्मिक मेला नहीं है और न केवल संगम स्नान मात्र है। यह मेला भारतीय संस्कृति और जीवन दर्शन को अमरत्व प्रदान करने का महा आयोजन है।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संगम तट पर महाकुंभ का आगाज हो गया है। यह मेला 45 दिन चलेगा। पौराणिक मान्यता है कि समुद्र मंथन से निकले अमृत कलश को लेकर देवों और दैत्यों के बीच हुई छीना-झपटी में प्रयाग में इस स्थान पर अमृत छलका था। उस अमृत की प्राप्ति के लिए भारतीय समाज कुंभ में आता है। विद्वानों का मत है कि 144 वर्ष बाद समुद्र मंथन जैसा दुर्लभ संयोग इस बार बन रहा है। यह केवल कोई धार्मिक मेला नहीं है और न केवल संगम स्नान मात्र है। यह मेला भारतीय संस्कृति और जीवन दर्शन को अमरत्व प्रदान करने का महा आयोजन है। एक निश्चित अवधि के बाद अपने समाज में आए बदलावों, विसंगतियों और दोषों पर सामूहिक मंथन करके सही राह पर चलने का मार्गदर्शन करता है। साधु-संतों, संत महात्माओं, धार्मिक और सामाजिक संगठनों और विभिन्न मत संप्रदायों जो अपनी जड़ें भारतीय जीवन पद्धति में देखते हैं सभी एकत्र होते हैं। मंथन करते हैं। धर्म और संस्कृति के उन्नयन के लिए अमृत का पान करने का प्रयास करते हैं।

सच में ये अनेकता में एकता का दर्शन कराने वाला आयोजन है। करोड़ों सनातनी अलग-अलग वेश, अलग-अलग प्रदेश, अलग-अलग भोजन, अलग-अलग आराध्य लेकिन सभी का एक उद्देश्य अमृत्व की प्राप्ति। इसी लक्ष्य के लिए जीवनदायिनी गंगा-यमुना और सरस्वती के संगम पर सामूहिक अमरता का वरदान प्राप्त करने का प्रयास भारतीय जीवन दर्शन का मजबूत आधार स्तंभ है।

# देखिए दूधेश्वर नाथ मंदिर के महंत नारायण गिरी की नजर से महाकुंभ



दैनिक करंट क्राइम प्रस्तुति

**करंट क्राइम।** श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर के महंत तथा जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता महंत नारायण गिरी इन दिनों कुंभ मेले में है। गाजियाबाद के लिए महंत नारायण गिरी विशेष रूप से प्रतिदिन कुंभ मेले की आस्था से लेकर व्यवस्था तक पूरा हाल बता रहे हैं। दैनिक करंट क्राइम के साथ वो प्रतिदिन कुंभ मेले से प्रकाशित होंगे।


## श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने संतों के साथ अक्षयवट का दर्शन-पूजन किया

### अक्षय वट को तीर्थराज प्रयागराज के रक्षक श्रीहरि विष्णु के वेणी माधव का साक्षात स्वरूप माना जाता है: महाराजश्री



**प्रयागराज, करंट क्राइम।** श्री दूधेश्वर मंदिर के पीठाधीश्वर व जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने बुधवार को संतों के साथ तीर्थराज प्रयाग के पावन संगम तट पर किले के अंदर अनादिकाल से विराजमान अक्षयवट का दर्शन-पूजन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बनवाए कॉरिडोर की सभी ने सराहना की। श्री दूधेश्वर मंदिर के पीठाधीश्वर व जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज व सभी संतों का कर्नल मनी सिंह कमांडेंट ओडी फोर्ट, कैप्टन नीरज व कैप्टन शिप्रा ने स्वागत किया और अक्षयवट का दर्शन कराया और उसका चित्र भेंट किया।

सभी ने सृष्टिकूप का जल भी ग्रहण किया। सामवेद के आचार्य रोहित त्रिपाठी ने पूजा-अर्चना व पाठ कराया। महाराजश्री ने कहा कि अक्षयवट का दर्शन-पूजन कर बहुत ही आनंद आया। वहां पर भगवान के अक्षयवट के रूप में विराजमान होने का अनुभव प्राप्त हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बनवाए कॉरिडोर से अक्षयवट व आसपास का क्षेत्र और भी रमणीय हो गया है। श्रद्धालुओं के लिए अब दर्शन पूजन करना सहज व सुविधाजनक हो गया है।





### प्रयागराज का अक्षयवट समुद्र मंथन के 14 रत्नों में से एक : श्रीमहंत नारायण गिरि





श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने कहा कि प्रयागराज का अक्षयवट समुद्र मंथन के 14 रत्नों में से एक है। इस वृक्ष में ब्रह्मा.विष्णु और महेश निवास करते हैं। अक्षय वट को तीर्थराज प्रयागराज के रक्षक श्रीहरि विष्णु के वेणी माधव का साक्षात स्वरूप माना जाता है। इसे अक्षय वट इसलिए कहा जाता है क्योंकि यह अजर-ह्यअमर माना गया है और इसका अस्तित्व सृष्टि के आरंभ से ही है। अक्षय का अर्थ होता है जिसका कभी क्षय न हो, जिसे कभी नष्ट न किया जा सके। इसीलिए इस वृक्ष को अक्षय वट कहते हैं। इस वृक्ष को माता सीता ने आशीर्वाद दिया था कि प्रलय काल में जब धरती जलमग्न हो जाएगी और सब कुछ नष्ट हो जाएगा तब भी अक्षयवट हरा.भरा रहेगा। एक मान्यता और भी है कि बालरूप में श्रीकृष्ण इसी वट वृक्ष पर विराजमान हुए थे। बाल मुकुंद रूप धारण करके श्रीहरि भी इसके पत्ते पर शयन करते हैं। पद्म पुराण में अक्षयवट को तीर्थराज प्रयाग का छत्र कहा गया है। महंत मुकेशानंद गिरि महाराज, महंत किशन भारती महाराज, कालूराम, साध्वी विष्णु प्रिया गिरि महाराज, उज्जैन के आचार्य सत्यम आदि ने भी महाराजश्री के साथ अक्षयवट का दर्शन किया।

## संपादकीय

# फर्जी खबरों का खतरा

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव को वाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम संचालित करने वाली कंपनी मेटा के प्रमुख मार्क जुकरबर्ग की इस गलतबयानी का खंडन करने के लिए जिस तरह आगे आना पड़ा कि 2024 में हुए चुनावों में भारत सहित कई देशों की सरकारें पराजित हो गईं, उससे यही पता चलता है कि सूचनाओं के सबसे बड़े प्लेटफार्म के संचालक ही किस तरह गलत जानकारियों से लैस हैं। विडंबना यह है कि मार्क जुकरबर्ग ने इतनी बड़ी बात कहने के पहले तथ्य जांचने की कोशिश भी नहीं की। यह इसलिए कहीं अधिक चिंताजनक है, क्योंकि उन्होंने अपने प्लेटफार्मों से फैक्ट चेक का सिस्टम खत्म कर दिया है। आज जब सोशल मीडिया कही जाने वालीं इंटरनेट साइट्स पर फर्जी सूचनाओं की बाढ़ आई हुई है, तब मार्क जुकरबर्ग का तथ्यों की जांच-परख करने वाली व्यवस्था खत्म करना चिंता का कारण है। उन्होंने फैक्ट चेक सिस्टम को खत्म कर कम्युनिटी नोट वाली व्यवस्था अपनाई है, लेकिन इसमें गलत सूचनाओं को पहचानने की जिम्मेदारी उपयोगकर्ताओं पर ही होती है। आज फर्जी खबरें, संदर्भ से काटे गए वीडियो और मनगढ़ंत आंकड़े पूरे विश्व के लिए समस्या बन गए हैं। फर्जी और अधकचरी खबरें न केवल वैमनस्य फैला रही हैं, बल्कि लोगों की राय प्रभावित करने और चुनावों पर असर डालने का भी काम कर रही हैं।

फर्जी खबरों के चलते कई देशों में दंगे और बड़े पैमाने पर हिंसा हो चुकी है। इस तथ्य से किसी भी सोशल नेटवर्क साइट्स के संचालक और खासकर मार्क जुकरबर्ग तो बिल्कुल भी अपरिचित नहीं हो सकते, क्योंकि कई बार यह सामने आ चुका है कि वाट्सएप और फेसबुक के जरिये फैलाई गईं फर्जी खबरें किस तरह हिंसा का कारण बनीं। इसके बाद भी यदि मार्क जुकरबर्ग ने अमेरिका में फर्जी खबरों की पहचान करने वाली व्यवस्था खत्म कर दी तो यह साफ है कि वह निर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दबाव में आ गए। मार्क जुकरबर्ग का ट्रंप से झगड़ा किसी से छिपा नहीं है। वह फर्जी खबरें फैलाने का आरोप लगाकर उन्हें फेसबुक पर प्रतिबंधित कर चुके हैं। यह समझ आता है कि वह ट्रंप के दबाव का सामना करने की स्थिति में नहीं, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि वह फर्जी खबरें फैलाने वालों को छूट दे दें। यह ठीक है कि मार्क जुकरबर्ग ने अभी केवल अमेरिका में फर्जी खबरों की पहचान की प्रक्रिया खत्म की है, लेकिन आशंका यही है कि आगे चलकर वह दुनिया भर में ऐसा कर सकते हैं। यह एक तरह से जानबूझकर फर्जी खबरों को बढ़ावा देने जैसा होगा और इसके नतीजे अच्छे नहीं होंगे। भारत को ऐसा नहीं होने देना चाहिए। उसे ऐसा कुछ करना होगा, जिससे सोशल मीडिया कंपनियां फर्जी खबरों के प्रचार-प्रसार पर लगाम लगाने की अपनी जवाबदेही से बचने न पाएं।

# भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति मजबूत लंबी अवधि में जारी रहेगी तेजी: रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** राजकोषीय समेकन, मजबूत बैंलेस शीट और खपत में रिकवरी से भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति मजबूत बनी हुई है और लंबी अवधि में तेजी जारी रहेगी। चालू वित्त वर्ष में रियल जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत और नॉमिनल जीडीपी वृद्धि दर 10-11 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह जानकारी बुधवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज कंपनी मिराए एसेट द्वारा जारी की गई रिपोर्ट में कहा गया कि एक प्रतिशत से कम के एनपीए के साथ बैंकों की स्थिति मजबूत बनी हुई है। भारतीय कंपनियां का मुनाफा बढ़ रहा है और साथ ही बड़ी मात्रा में फ्री कैशफ्लो भी जनरेट कर रही हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि घरेलू कर्ज भी वैश्विक मानकों के मुकाबले कम है। भारत का जीडीपी के मुकाबले कुल कर्ज 2010 के स्तर के नीचे बना हुआ है, जबकि वैश्विक स्तर पर इसमें इजाफा हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है, कुछ क्षेत्र, खास तौर पर औद्योगिक क्षेत्र, प्रीमियम पर कारोबार करते रहेंगे। खरीफ फसल और प्राइस आउटलुक अनुकूल होने के कारण कृषि में और सुधार आने की संभावना है। आगामी रबी फसल भी सकारात्मक रहने की संभावना है। ताजा सरकारी आंकड़ों के अनुसार, चालू सीजन में अब तक विभिन्न रबी फसलों के तहत देश में बोया गया कुल कृषि क्षेत्र बढ़कर 632.3 लाख हेक्टेयर हो गया है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 631.4 लाख हेक्टेयर था। रिपोर्ट में कहा गया कि वित्त वर्ष 2025 की दूसरी छमाही में सरकारी पूंजीगत व्यय में तेजी आने की संभावना है। ग्रामीण खपत में तेजी शहरी खपत में नरमी की भरपाई कर सकती है और यह मौजूदा फसल और अगले सीजन की शुरूआत की एक सकारात्मक तस्वीर पेश करती है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया कि हम यह भी उम्मीद करते हैं कि राज्य सरकार के कल्याणकारी खर्च से उपभोग में सुधार आएगा। मौद्रिक नीति प्रोत्साहन से निकट-मध्यम अवधि में विकास को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# भारत में थीमैटिक फंड्स ने बीते साल शुद्ध संग्रह में 488 प्रतिशत वृद्धि की दर्ज



**मुंबई।** पिछले साल थीमैटिक फंड्स ने शुद्ध संग्रह (नेट कलेक्शन) में 488 प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर्ज की। सेक्टोरल और थीमैटिक फंड्स ने संग्रह में 1,09,711 करोड़ रुपये हासिल किए, जो कि कुल शुद्ध संग्रह का 34 प्रतिशत रहा।वेंचुरा सिक्योरिटीज की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल सेक्टोरल और थीमैटिक फंड्स में कुल ुद्ध संग्रह में मैन्युफैक्चरिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर और एनर्जी ने कुल मिलाकर 56 प्रतिशत का योगदान दिया, इसके बाद एफएमसीजी ने 9 प्रतिशत, बिजनेस साइकिल ने 6 प्रतिशत और पीएसयू ने 5 प्रतिशत का योगदान दिया। सेक्टोरल और थीमैटिक स्कीम के तहत, बिजनेस साइकिल फंड का शुद्ध संग्रह 2023 में 103 करोड़ रुपये से बढ़कर 2024 में 6,841 करोड़ रुपये रहा । एनर्जी सेक्टर ने 2023 में 470 करोड़ रुपये की तुलना में 2024 में 23,964 करोड़ रुपये एकत्र किए। पिछले साल लार्ज कैप के तहत शुद्ध संग्रह 2023 में -3,768 करोड़ रुपये की तुलना में 17,404 करोड़ रुपये रहा। कैलेंडर ईयर 2024 में मल्टी कैप और फ्लेक्सीकैप के तहत शुद्ध संग्रह क्रमश: 37,649 करोड़ रुपये और 36,231 करोड़ रुपये रहा।

# रिपब्लिकन सांसद ने अदाणी केस के सभी रिकॉर्ड सुरक्षित रखने की मांग की, भारत पर की यह टिप्पणी




**नई दिल्ली।** अमेरिका में संसद की न्यायिक समिति के सदस्य रीप लांस गुडेन ने अदाणी समूह से जुड़े अभियोजन पर बड़ी मांग की है। उन्होंने अमेरिकी न्याय मंत्रालय से उद्योगपति गौतम अदाणी और उनके समूह की कंपनियों के खिलाफ बाइडन प्रशासन में चलाए गए चुनिंदा अभियोजन से जुड़े सभी रिकॉर्ड सुरक्षित रखने का अनुरोध किया है। आइए इस बारे में और जानें।

अमेरिका में संसद की न्यायिक समिति के सदस्य रीप लांस गुडेन ने अदाणी समूह से जुड़े अभियोजन पर बड़ी मांग की है। उन्होंने अमेरिकी न्याय मंत्रालय से उद्योगपति गौतम अदाणी और उनके समूह की कंपनियों के खिलाफ बाइडन प्रशासन में चलाए गए चुनिंदा अभियोजन से जुड़े सभी रिकॉर्ड सुरक्षित रखने का अनुरोध किया है। अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन की सरकार के सत्ता से जाने और डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभालने से कुछ दिन पहले यह मांग की गई है। मंगलवार को गुडेन ने अटॉर्नी जनरल मेरिक गारलैंड को लिखे एक पत्र में मांग की है कि मंत्रालय अदाणी समूह पर कार्रवाई करने के अपने निर्णय से संबंधित सभी रिकॉर्ड व दस्तावेज सुरक्षित रखे जाएं। गारलैंड को सात जनवरी को लिखे एक अन्य पत्र में गुडेन ने मंत्रालय द्वारा समूह पर हाल ही में लगाए गए अभियोग पर गंभीर चिंता जाहिर की थी। उन्होंने कहा कि अभियोग में आरोप लगाया गया है कि ये कृत्य पूरी तरह से भारत के अंदर किए गए, जिनमें भारतीय नागरिक और अधिकारी शामिल थे। इससे अमेरिकी हितों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। गुडेन ने कहा, अदाणी मामले में आरोप यदि सत्य सिद्ध भी हो जाएं, तो भी हम इस मुद्दे पर उचित तथा अंतिम मध्यस्थ नहीं बन पाएंगे। ये ह्यह्यरिश्वत कथित तौर पर भारत में, वहां के अधिकारियों को एक भारतीय कंपनी के भारतीय अधिकारियों द्वारा दी गई थी, जिसमें किसी भी अमेरिकी पक्ष की कोई ठोस संलिप्तता नहीं है या किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। उन्होंने कहा, इसके विपरीत, न्याय मंत्रालय के अभियोग के अनुसार हमारे चुनावों के संचालन के लिए जिम्मेदार अमेरिकी कंपनी स्मार्टमैटिक के अधिकारियों ने कथित तौर पर धन शोधन किया और विदेशी सरकारों को रिश्वत दी। हालांकि, मेरे और मेरे सहयोगियों के चुनाव से पहले इन चिंताओं को दूर करने के लिए कई बार कहने के बावजूद हमें आपके मंत्रालय से कभी भी कोई जानकारी नहीं मिली। मंत्रालय पर अदाणी और उनकी कंपनियों के खिलाफ अत्यधिक चयनात्मक रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए रिपब्लिकन सांसद ने गारलैंड के समक्ष कई सवाल उठाए।

## रोचक तथ्यों का करंट

- अगर हम प्रकाश की गति से अपनी नजदीकी गैलैक्सी पर जाना चाहे तो हमें 20 साल लगेगें।
- अगर धरती का आकार एक मटर जितना कर दें तो बृहस्पति इससे 300 मीटर दूर होगा और प्लुटो 2.5 किलोमीटर। मगर प्लुटो आपको दिखेगा नही क्योंकि तब इसका आकार एक बैक्टीरिया जितना होगा।
- विश्व के विद्युत उत्पादन का एक तिहाई सिर्फ बल्बों के द्वारा प्रकाश पाने में खर्च होता है।
- अभी तक उल्का पिंड द्वारा सिर्फ एक ही बनावटी उपग्रह नष्ट किया गया है।
- जिराफ 24 घंटों में सिर्फ 20 मिनट ही सोते है। वे 2 घंटे तक भी सो सकते है पर ऐसा बहोत कम देखने को मिलता है।
- एक ब्लड सेल को शरीर का चक्कर लगाने में 60 सेकंड लगते है।
- घाव को तंग करने वाले कीड़े घाव को जल्दी भरते है और गैंग्रीन और दुसरे इन्फेक्शन को फैलने से रोकते है।
- हाथ मिलाने से जितने कीटाणु / जीवाणु नही फैलते उस से ज्यादा किस करने से फैलते है।

# सी-डॉट ने 6जी रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए आईआईटी दिल्ली के साथ की साझेदारी

**नई दिल्ली।** सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सी-डॉट) ने बेसिक डिवाइस और कम्पोनेंट्स के डेवलपमेंट के जरिए 6जी रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए आईआईटी दिल्ली के साथ साझेदारी की है। दूरसंचार विभाग के प्रमुख दूरसंचार अनुसंधान एवं विकास केंद्र सी-डीओटी ने 6जी के लिए ₹टीएचजेड कम्युनिकेशन फ्रंट एंड्स के लिए बिल्डिंग ब्लॉक्स के विकास के लिए आईआईटी दिल्ली के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।




संचार मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, दूरसंचार विभाग के दूरसंचार प्रौद्योगिकी विकास कोष (टीटीडीएफ) प्रस्ताव के लिए 6जी कॉल के तहत समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। बयान के अनुसार, ₹यह प्रपोजल कॉल 6जी इको-सिस्टम विकसित करने पर 'तेजी से रिसर्च' करने को लेकर है, जो भारत 6जी विजन के हिस्से के रूप में 6जी नेटवर्क टेक्नोलॉजी को डिजाइन, डेवलप और स्थापित करने के लिए है। यह हाई-क्वालिटी लिविंग एक्सपीरियंस के सर्वव्यापी बुद्धिमान और सुरक्षित कनेक्टिविटी प्रदान करता है। इस परियोजना का उद्देश्य बेसिक डिवाइस और कंपोनेंट्स को डेवलप करना है जो 6जी कम्युनिकेशन के लिए टीएचजेड सिस्टम के साथ-साथ मिलिट्री कम्युनिकेशन जैसे दूसरे टीएचजेड सिस्टम के लिए आवश्यक हैं भारत में चिप निर्माण सुविधाओं की स्थापना के हालिया कार्यक्रम के साथ इस परियोजना को शुरू किया जा रहा है। आईआईटी दिल्ली की सुविधाओं में कुछ कोर कंपोनेंट्स को डेवलप करने के लिए कोलकाता के एसएएमईईआर (सोसाइटी फॉर एप्लाइड माइक्रोवेव इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग एंड रिसर्च) के साथ सहयोग किया जाएगा। यह प्रोडक्शन लेवल पर टीएचजेड कंपोनेंट्स के निर्माण को निर्बाध रूप से आगे बढ़ाएगा। सी-डीओटी इस परियोजना के लिए कार्यान्वयन एजेंसी है।

# तेजी के साथ बंद हुए शेयर बाजार, सेंसेक्स 224.45 अंक बढ़ा



मुंबई। भारतीय शेयर बाजार में बुधवार को खरीदारी देखी गई। करीब सभी सूचकांक हरे निशान में बंद हुए हैं। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 224.45 अंक या 0.29 प्रतिशत की तेजी के साथ 76,724.08 और निफ्टी 37.15 अंक या 0.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,213.20 पर था। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में अधिक तेजी थी।

निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 222.50 अंक या 0.41 प्रतिशत की तेजी के साथ 53,899 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 96.15 अंक या 0.56 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,353.95 पर बंद हुआ। कारोबारी सत्र में बढ़ने वाले शेयरों की संख्या अधिक थी। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 2,144 शेयर हरे निशान में, 1,808 शेयर लाल निशान में और 112 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए। आईटी, पीएसयू बैंक, मेटल, रियल्टी, एनर्जी, इन्फ्रा, कमोडिटी, पीएसई, सर्विसेज और ऑयल एंव गैस इंडेक्स हरे निशान में और ऑटो, फिन सर्विस, फार्मा, एफएमसीजी और मीडिया लाल निशान में बंद हुए। सेंसेक्स पैक में जोमैटो, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, कोटक महिंद्रा, मारुति सुजुकी, टेक महिंद्रा, एलएंडटी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अदाणी पोर्ट्स, एसबीआई, एचसीएल टेक और अल्ट्राटेक सीमेंट टॉप गेनर्स थे। एमएंडएम, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स, नेस्ले, सन फार्मा और एशियन पेंट्स टॉप लूजर्स थे। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 14 जनवरी को 8,132.26 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने उसी दिन 7,901.06 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। बाजार के जानकारों ने कहा कि एफआईआई का आउटफ्लो बढ़ने, डॉलर की मजबूती और यूएस बॉन्ड यील्ड के बढ़ने के कारण घरेलू बाजार में उतार-चढ़ाव बना हुआ है। अमेरिका में महंगाई के डेटा से पहले बाजार सर्तक बने हुए हैं। कच्चे तेल की कीमत बढ़ने का असर भी निकट भविष्य में घरेलू बाजार में देखने को मिल सकता है।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक ? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

गोलू की पत्नी गुस्सा होकर मायके चली जाती है। वो अपनी ससुराल में फोन करता है,
उधर से सास की आवाज आती है- कितना बार कहा है तुमसे, अब वो तुम्हारे घर नहीं आएगी तो क्यों बार-बार फोन करते हो यहां?
गोलू- कुछ नहीं बस सुनकर अच्छा लगता है
सास- ठीक है, फिर कल से मैं भी साथ में आ जाती हूं एक महीने के लिए।
गोलू बेहोश!

---

मंटू स्कूल की लड़की से बोला:
आई लव यू, अब तुम मुझे बोलो..
लड़की- मैं अभी जा कर सर को बोलती हूं।
मंटू- पगली सर को मत बोल, उनकी तो शादी हो गई है

---

पत्नी- सुनो मेरे मुंह में मच्छर चला गया, अब क्या करूं?
पति- पगली ऑल आउट पी ले। छह सेकंड में काम शुरू।






प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार) 8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# पूर्व चयनकर्ता ने दौरे पर 'पत्नियों और गर्लफ्रेंड्स' के रहने पर रोक लगाने के बीसीसीआई के आह्वान की आलोचना की

**ऑस्ट्रेलिया सीरीज में भारत के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद बीसीसीआई द्वारा खिलाड़ियों की पत्नियों और गर्लफ्रेंड्स को एक महीने से अधिक लंबे दौरों पर दो सप्ताह से अधिक यात्रा करने से प्रतिबंधित करने के निर्णय की एक पूर्व राष्ट्रीय चयनकर्ता ने आलोचना की, जिन्होंने इस कदम को चौंकाने वाला और हास्यास्पद बताया**



**नई दिल्ली।** खिलाड़ियों की पत्नियों और परिवारों को खिलाड़ियों के साथ दौरे पर जाने से प्रतिबंधित करने का निर्णय शनिवार को मुंबई में आयोजित एक समीक्षा बैठक के दौरान लिया गया, जिसमें बीसीसीआई के अधिकारी, मुख्य कोच गौतम गंभीर, मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर और कप्तान रोहित शर्मा शामिल हुए।

नए नियम के अनुसार, 45 दिनों से अधिक चलने वाली सीरीज या टूनामेंट के लिए, परिवार के सदस्य 14 दिनों तक खिलाड़ियों के साथ रह सकते हैं, जबकि छोटे दौरों के लिए, सीमा घटाकर केवल सात दिन कर दी गई है।

बीसीसीआई के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व चयनकर्ता ने कहा कि इस तरह के चौंकाने वाले कदम के बजाय टीम लाइनअप में बदलाव की उम्मीद थी, जिसमें नए चेहरों को शामिल किए जाने या पदोन्नति दिए जाने की उम्मीद थी।

पूर्व राष्ट्रीय चयनकर्ता ने 'आईएएनएस' से कहा, क्या यह मजाक नहीं है कि बीसीसीआई ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बीजीटी में भारतीय क्रिकेटरों की विफलता के लिए पत्नियों और गर्लफ्रेंड्स को बर्खास्त कर दिया। हम टीम में कुछ बदलाव की उम्मीद कर रहे थे, कुछ नए चेहरे शामिल किए जा सकते थे या पदोन्नति दी जा सकती थी, लेकिन ये सभी रिपोर्ट जो हम समाचारों में पढ़ रहे हैं, वास्तव में चौंकाने वाली या बल्कि हास्यास्पद हैं।

अधिकारियों का मानना है कि परिवारों की मौजूदगी, खासकर विदेशी असाइनमेंट के दौरान, खिलाड़ियों का ध्यान भटका सकती है और उनके प्रदर्शन को प्रभावित कर सकती है। इसके अतिरिक्त, बीसीसीआई ने एक नियम पेश किया है जिसके तहत सभी खिलाड़ियों को हर समय टीम के साथ यात्रा करनी होगी। यह बदलाव हाल के वर्षों में कुछ खिलाड़ियों द्वारा अलग-अलग यात्रा करने के विकल्प पर चिंताओं को संबोधित करता है, जिसे बोर्ड टीम के सामंजस्य और अनुशासन के लिए विघटनकारी मानता है।

# स्मृति मंधाना ने भारतीय महिला बल्लेबाज द्वारा सबसे तेज वनडे शतक लगाया



**राजकोट।** भारतीय कप्तान स्मृति मंधाना ने बुधवार को राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ सीरीज के तीसरे और अंतिम मैच के दौरान 70 गेंदों में शतक लगाकर किसी भारतीय महिला बल्लेबाज द्वारा सबसे तेज वनडे शतक बनाया।

एक बेमेल मैच में पहले बल्लेबाजी करने के बाद, जब भारत ने पहले ही 2-0 की अजेय बढ़त ले ली थी, स्मृति ने बल्ले से एक और शानदार प्रदर्शन किया और आयरलैंड के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए 70 गेंदों में अपना दसवां वनडे शतक बनाया।

इसके साथ ही उन्होंने नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर के सबसे तेज शतक लगाने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया, जो पिछले साल बेंगलुरु में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 87 गेंदों में बना था। स्मृति ने अंततः 80 गेंदों पर 135 रन बनाए - जिसमें 12 चौके और सात छक्के शामिल थे और उनका स्ट्राइक रेट 170.9 था। उन्होंने प्रतीका रावल के साथ रिकॉर्ड 233 रन की ओपनिंग साझेदारी की, जो घरेलू वनडे मैचों में किसी भारतीय महिला ओपनिंग जोड़ी द्वारा सबसे ज्यादा है। स्मृति 10 वनडे शतक लगाने वाली पहली भारतीय महिला भी बन गईं और मेग लैनिंग (15) और सूजी बेट्स (13) के बाद दोहरे अंकों में 50 ओवरों में शतक बनाने वाली सिर्फ. तीसरी ओपनर हैं।

बाएं हाथ की ओपनर ने पहले आयरलैंड के खिलाफ पहले दो मैचों में 41 और 73 रन बनाए थे। वह 2024 में वनडे में बहुत सफल रहीं - 13 वनडे में 57.46 की औसत और 95.15 की स्ट्राइक रेट से 747 रन बनाए, जिसमें चार शतक और तीन अर्द्धशतक शामिल हैं। ये प्रदर्शन स्मृति को 2024 के लिए आईसीसी महिला वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए नामांकित करने के लिए पर्याप्त थे।

# जोकोविच ने फेडरर के सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम मैच खेलने का रिकॉर्ड तोड़ा

**मेलबर्न।** 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच ने अपना 430वां ग्रैंड स्लैम सिंगल्स मैच खेलकर पुरुषों और महिलाओं के बीच सबसे ज्यादा मेजर सिंगल्स मैच खेलने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है।



10 बार के ऑस्ट्रेलियन ओपन विजेता ने बुधवार को 21 वर्षीय क्वालीफायर जैमे फारिया को 6-1, 6-7(4), 6-3, 6-2 से हराया और फेडरर के 429 मैचों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।

सर्बियाई खिलाड़ी 20 मैचों में 17वीं बार सीजन के पहले मेजर के तीसरे दौर में पहुंच गया है और 25वें मेजर सिंगल्स खिताब और 100वें टूर-लेवल खिताब की अपनी तलाश जारी रखी है।

अमेरिकी बसवरेड्डी के खिलाफ अपने मैच की तरह, जोकोविच अपने युवा प्रतिद्वंद्वी से तनाव में थे, लेकिन आखिरकार उन्होंने आसानी से जीत हासिल की। 37 वर्षीय खिलाड़ी ने तेज शुरूआत की और एक सेट और एक ब्रेक की बढ़त हासिल की, लेकिन खराब फॉर्म के कारण पुर्तगाल के फारिया ने रॉड लेवर एरिना में लगातार चार गेम जीतकर अपनी पहचान बनाई। हालांकि जोकोविच ने टाई-ब्रेक के लिए मजबूर किया, लेकिन वह एटीपी रैंकिंग में 125वें नंबर के खिलाड़ी को अपने सर्व और फोरहैंड से दूसरा सेट जीतने से नहीं रोक पाए।

सर्बियाई खिलाड़ी ने कहा, मुझे लगता है कि मैंने तीसरे और खास तौर पर चौथे सेट में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया, जिस तरह से मैंने मैच का अंत किया।दूसरे सेट के अंत और तीसरे सेट की शुरूआत में वह शानदार टेनिस खेल रहा था। मुझे तूफान का सामना करना पड़ा। वह पूरे मैच में व्यावहारिक रूप से दो पहले सर्व करता रहा। ऐसे व्यक्ति के साथ खेलना आसान नहीं है, जिसके पास हारने के लिए कुछ भी नहीं है। वह एक बड़ा लड़का है, बहुत युवा... इसलिए मैंने उसे नेट पर कहा, उसका भविष्य उज्ज्वल है।

# गुजरात टाइटन्स ने किया 'जूनियर टाइटन्स' के दूसरे सीजन का आगाज



**अहमदाबाद।** पहले सीजन की शानदार कामयाबी के बाद गुजरात टाइटन्स ला रहा है 'जूनियर टाइटन्स' का दूसरा सीजन। यह 14 वर्ष तक के बच्चों में आउटडोर गेम्स के प्रति जुनून पैदा करने की एक अनूठी पहल है। 'लेट्स स्पोर्ट आउट' का संदेश देने वाला 'जूनियर टाइटन्स' का आयोजन छोटे बच्चों में आउटडोर एक्टिविटी के लिए उत्साह को जगाएगा, उन्हें विभिन्न खेलों में भाग लेने का मौका देते हुए इस अनुभव को उनके लिए यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। जूनियर टाइटन्स के इवेंट गुजरात के पांच प्रमुख शहरों में रखे गए हैं: अहमदाबाद, जूनागढ़, भावनगर, भरूच और पालनपुर।

इस दूसरे सीजन के लिए भी पहले की तरह स्पेनिश फुटबॉल लीग की शीर्ष टीम ला लीगा अपना पूरा सहयोग देगी, इस दौरान फुटबॉल कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। ला लीगा के तकनीकी विशेषज्ञ कोच सुनिश्चित करेंगे कि बाल प्रतिभाओं को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों से सीखने का पूरा मौका मिले।

इससे प्रतिभागी बच्चों की न केवल खेल के लिए समझ बढ़ेगी बल्कि उनके खेल में जबरदस्त निखार आएगा। दूसरे सीजन में जापान के सबसे पसंदीदा ब्रांड पोकेमॉन ने जूनियर टाइटन्स से हाथ मिलाया है, इससे बच्चों को अपने प्रिय पोकेमॉन पात्रों से मिलने और आयोजन स्थलों पर रोमांचक गतिविधियों में भाग लेने और पोकेमॉन से जुड़ी चीजें घर ले जाने का मौका मिलेगा।

इस सीजन में बिसलेरी बच्चों को पीने का पानी भी उपलब्ध कराएगी, जबकि एसजी जरूरी खेल उपकरण उपलब्ध कराएगी।

18 जनवरी को जूनागढ़ से शुरू होने के बाद हर शहर में एक दिवसीय कम्युनिटी स्पोर्ट प्रोग्राम आयोजित किया जाएगा। इसे आउटडोर गेम और खेलकूद के आनंद का जश्न मनाने के लिए तैयार किया गया है। इन कार्यक्रमों में क्रिकेट और फुटबॉल चैलेंज, क्विज और गुजरात टाइटन्स के इतिहास की सैर सहित कई आकर्षक एक्टिविटी करवाई जाएगी।

प्रतिभागियों को शानदार उपहार मिलेंगे और लजीज खाने का भी आनंद रहेगा, उद्देश्य सामुदायिक जुड़ाव और सौहार्द को बढ़ावा देना है। 'जूनियर टाइटन्स' में हर शहर के लगभग 25 स्कूलों की भागीदारी रहेगी, जिसमें 10 निजी स्कूल और 5 सरकारी स्कूल शामिल हैं।

# हम्पी कोनेरू नॉर्वे शतरंज महिला 2025 में वापसी करेंगी



**स्टावेंजर (नॉर्वे)।** भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त महिला शतरंज खिलाड़ी हम्पी कोनेरू नॉर्वे शतरंज महिला 2025 में प्रतिस्पर्धा करने के लिए वापस आएंगी। अपने सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड और टूनामेंट में सर्वोच्च रेटिंग वाली महिला खिलाड़ियों में तीसरे स्थान पर होने के कारण, वह खिताब की प्रबल दावेदार हैं।

वर्तमान में महिला शास्त्रीय शतरंज में विश्व में छठे स्थान पर काबिज हम्पी का लक्ष्य प्रतिष्ठित शतरंज टूनामेंट में अपनी छाप छोड़ना है। हम्पी की नॉर्वे शतरंज महिला में वापसी उनके उल्लेखनीय करियर को उजागर करती है। 2002 में, वह ग्रैंडमास्टर खिताब हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला बनीं, जिसने शतरंज के इतिहास में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया। अब, वह महिला शतरंज में भारत की नंबर 1 और दुनिया भर में एक सम्मानित शतरंज खिलाड़ी बनी हुई हैं। उनकी उपलब्धियों में 2019 और 2024 में दो बार विश्व रैपिड चैम्पियनशिप का खिताब जीतना शामिल है। ओलंपियाड, एशियाई खेलों और एशियाई चैंपियनशिप में उनकी जीत ने शतरंज में शीर्ष महिला खिलाड़ियों में से एक के रूप में उनकी स्थिति को और पुख्ता किया है। नॉर्वे शतरंज 2025 हम्पी को एक बार फिर अपने कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर देगा।

# रंग फीका पड़ने लगा है, पहलवान अमन 'दोषपूर्ण' ओलंपिक पदक को लेकर आईओसी से शिकायत करेंगे

**नई दिल्ली।** 2024 पेरिस ओलंपिक के सभी दोषपूर्ण पदकों को बदलने की खबरों के बीच, भारतीय पहलवान अमन सहरावत के कांस्य पदक का रंग भी फीका पड़ने लगा है, लेकिन पहलवान ने अभी तक इस मामले में शिकायत दर्ज नहीं कराई है।



पेरिस 2024 में अपने ओलंपिक पदार्पण पर, अमन ग्रीष्मकालीन खेलों में सबसे कम उम्र के भारतीय पदक विजेता बन गए, जब उन्होंने पुरुषों की 57 किलोग्राम फ्रीस्टाइल कुश्ती में कांस्य पदक जीता।

रिपोर्टों के अनुसार, 2024 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक और पैरालंपिक के लिए पदक बनाने वाली कंपनी मोनाई डे पेरिस ने कहा कि वह पदकों के खराब होने की कई शिकायतों के बाद एथलीटों के अनुरोध पर सभी क्षतिग्रस्त पदकों को बदल देगी। हालांकि, अमन ने पदक बदलने के लिए आधिकारिक तौर पर अपनी शिकायत दर्ज नहीं कराई है। भारतीय पहलवान के एक करीबी सूत्र ने आईएएनएस को बताया, अमन सहरावत ने पेरिस में जो कांस्य पदक जीता था, वह दोषपूर्ण लगता है। उसका रंग फीका पड़ने लगा है।

# जोबर्ग सुपर किंग्स और प्रिटोरिया कैपिटल्स ने महत्वपूर्ण जीत दर्ज की



**डरबन।** एसए20 ने मध्य सप्ताह में बेहद मनोरंजक एक्शन की दोहरी खुराक दी, जिसमें जोबर्ग सुपर किंग्स और प्रिटोरिया कैपिटल्स ने क्रमशः डरबन के सुपर जायंट्स और सनराइजर्स ईस्टर्न केप पर महत्वपूर्ण जीत दर्ज की।

तबरेज शम्सी, डोनोवन फरेरा और इमरान ताहिर की जेएसके स्पिन तिकड़ी ने किंग्समीड में 28 रन की जीत के लिए आगंतुकों को प्रेरित करने के लिए एकदम सही तालमेल बनाया, जबकि कैपिटल्स के तेज गेंदबाजों ने गत चैंपियन पर छह विकेट के बोनस पॉइंट की जीत में प्रभावशाली भूमिका निभाई।

सुपर जायंट्स के मध्यक्रम के बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक ने जेएसके के 169/4 के लक्ष्य का पीछा करते हुए अपनी टीम को जीत की ओर बनाए रखने के लिए अकेले 55 (45 गेंद) रन की पारी खेली।

लेकिन दूसरी तरफ से दरवाजा खुला था, हालांकि शम्सी, फरेरा और ताहिर ने मिलकर पांच विकेट चटकाए और सुपर जायंट्स को 141 रन पर आउट कर दिया। ताहिर ने फील्ड में भी शानदार प्रदर्शन किया, जो दर्शकों के लिए काफी प्रेरणादायक साबित हुआ। 45 वर्षीय खिलाड़ी ने एक किशोर की तरह एथलेटिसिज्म दिखाते हुए वियान मुल्डर के रिवर्स स्वीप पर पॉइंट पर दो हाथों से डाइविंग करते हुए शानदार कैच पकड़ा।

जब घरेलू टीम 99/4 पर अच्छी स्थिति में दिख रही थी और डी कॉक और हेनरिक क्लासेन की जोड़ी क्रीज पर थी, तब जेएसके को निश्चित रूप से इस अनुभवी खिलाड़ी ने सुपर जायंट्स के मध्य क्रम को ध्वस्त करने में मदद की।

क्लासेन (17 गेंदों पर 29 रन) ने मथीशा पथिराना को दो चौके और एक छक्का लगाकर लय हासिल की, लेकिन श्रीलंकाई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने 12वें ओवर की अंतिम गेंद पर बेटवे को लेग साइड में कैच कराकर बदला ले लिया।

# श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के कार्यक्रम में दूसरा वनडे जोड़ा



**श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने कहा कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के परामर्श से उसने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के कार्यक्रम में एक अतिरिक्त वनडे जोड़ा है, जो 29 जनवरी को गॉल में दो टेस्ट मैचों के पहले मैच के साथ शुरू होगी**

**कोलंबो।** दौरे का मूल कार्यक्रम दो टेस्ट मैचों के साथ सिर्फ एक वनडे का था, जो चल रहे आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र का हिस्सा है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने जून में लॉर्ड्स में खेले जाने वाले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है।

अब, एसएलसी ने एक बयान में कहा कि उसने अपने कार्यक्रम में संशोधन किया है, जिसके तहत अब दोनों टीमें दो टेस्ट और इतने ही वनडे मैचों में प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिसमें ऑस्ट्रेलिया संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में प्री-टूर कैंप के बाद 24 जनवरी को देश में पहुंचेगा। गॉल इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम 29 जनवरी से 2 फरवरी और 6-10 फरवरी तक दो टेस्ट मैचों की मेजबानी करेगा, जबकि श्रीलंका 12 फरवरी को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के साथ पहला वनडे खेलेगा, जबकि नया 50 ओवर का मैच 14 फरवरी को उसी मैदान पर खेला जाएगा। शेड्यूल में जोड़ा गया अतिरिक्त वनडे ऑस्ट्रेलिया के लिए 19 फरवरी से शुरू होने वाली 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से पहले कुछ महत्वपूर्ण तैयारी करने के लिहाज से बहुत अच्छा है।

ऑस्ट्रेलिया ने 2006 और 2009 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती है। इस बीच, श्रीलंका भारत में 2023 पुरुष वनडे विश्व कप में क्वालीफिकेशन मानदंडों से चूकने के बाद टूनामेंट के इतिहास में पहली बार चैंपियंस ट्रॉफी का हिस्सा नहीं है।

ऑस्ट्रेलिया ने नैथन मैकस्वीनी और कूपर कोनोली को अपनी टेस्ट टीम में शामिल किया है, जिसकी कप्तानी स्टीव स्मिथ करेंगे।

# ऋषभ पंत ने सौराष्ट्र के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच में दिल्ली के लिए खेलने की पुष्टि की

**नई दिल्ली।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने अगले रणजी ट्रॉफी मैच में दिल्ली के लिए खेलने की पुष्टि की है। पंत ने आखिरी बार रणजी ट्रॉफी 2017-2018 सत्र में खेला था। वह सीधे राजकोट में टीम से जुड़ सकते हैं, जहां 23 जनवरी से मैच खेला जाना है। डीडीसीए प्रमुख रोहन जेटली ने आईएएनएस को बताया, भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने अगले रणजी ट्रॉफी मैच सौराष्ट्र के खिलाफ दिल्ली के लिए खेलने की पुष्टि की है। पंत का प्रदर्शन बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में मिलाजुला रहा था जहां भारत को हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1-3 से हार का सामना करना पड़ा है।



# गॉफ, ओसाका, पेगुला, सबालेंका तीसरे दौर में (लीड-1)

**मेलबर्न।** अमेरिकी युवा खिलाड़ी कोको गॉफ ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में जूडी बेरेज को 6-3, 7-5 से हराकर अपनी जीत का क्रम नौ मैच पहुंचा दिया।

अमेरिकी खिलाड़ी ने दूसरे सेट में 5-3 से पिछड़ने के बाद वापसी की, ताकि वह दुनिया की 173वें नंबर की खिलाड़ी को हरा सके। गॉफ की गति और गतिशीलता ने उन्हें दूसरे सेट में बेरेज पर 3-1 की बढ़त दिला दी। हालांकि, ब्रिटिश खिलाड़ी ने लगातार चार गेम की बढ़त हासिल की, लेकिन गॉफ ने लगातार चार गेम की बढ़त हासिल की।

जीत के साथ, गॉफ ने 2021 यूएस ओपन फाइनलिस्ट और नंबर 30 सीड लेयला फर्नांडीज के साथ तीसरे दौर का मुकाबला तय किया जिन्होंने तीसरे दौर में जगह बनाने के लिए क्रिस्टीना बुक्सा को 3-6, 6-4, 6-4 से हराया। अन्य दिन 4 के मैचों में, दो बार की ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन नाओमी ओसाका ने जुलाई 2023 में बेटी के जन्म के बाद पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के तीसरे दौर में जगह बनाई।



दुनिया के 51वें नंबर की जापानी खिलाड़ी ने रविवार को लगभग दो घंटे तक संघर्ष किया, जिसके बाद 20वें स्थान की कैरोलिना मुचोवा पर 1-6, 6-1, 6-3 से जीत हासिल की और एक सेट से वापसी की। ओसाका ने 27 अनफॉर्स्ड एरर के कॉम्प्लेक्स 33 विनर्स प्लांट को अपने पास रखा है, जबकि मुचोवा ने 29 एनफोर्स्ड एरर के कॉम्प्लेक्स को 27 विनर्स प्लांट को अपने पास रखा है। चार बार की प्रमुख विजेता की अगली प्रतिद्वंद्वी बेलिंडा बेनसिक हैं। ओसाका पिछले साल बेटी के जन्म के बाद से अपनी पहली ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही हैं। बेनसिक ने डचवुमैन सुजान लैमेंस को सीधे सेटों में 6-1 7-6(3) से हराकर जीत दर्ज की। दूसरे मैच में, जेसिका पेगुला ने मार्गरेट कोर्ट एरिना में 2018 की सेमीफाइनलिस्ट एलिस मर्टेन्स के खिलाफ 6-4 6-2 से जीत हासिल की। 2021 और 2023 के बीच लगातार तीन ऑस्ट्रेलियाई ओपन फाइनल क्वार्टर में पहुंचने वाली पेगुला को सबसे ऊंची रैंकिंग वाली गैर रैंकिंग प्राप्त खिलाड़ी मर्टेन्स को हराने के लिए 1 घंटे और 11 मिनट की आवश्यकता थी।

# कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय में इन्द्र विक्रम सिंह ने की जनसुनवाई

## गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के पश्चात शिकायतकर्ताओं से फीडबैक लेना सुनिश्चित करें : डीएम







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा प्रत्येक कार्य दिवस की भांति प्रातः 10 बजे से अन्तिम व्यक्ति की शिकायत सुनने तक जनसुनवाई की गई। बताते चलें कि जनसुनवाई के दौरान आई शिकायतों एवं आवेदनों का समयान्तराल में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होता है, जिसके चलते जिलाधिकारी को अपनी शिकायतों और प्रार्थना पत्रों को प्रेषित करने हेतु भीड़ लगी रहती है। जिलाधिकारी द्वारा व्यक्तियों के शिकायती पत्रों को बड़ी गम्भीरता से पढ़ा और उन्हें सुना जाता है। अधिकांश मामलों को जिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही पूर्ण गुणवत्ता से निस्तारित कर दिया जाता है और शेष शिकायतों को वाट्सअप आदि के माध्यम से संबंधित अधिकारी को निराकरण के लिए भेज दिया जाता है। शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता एवं समयान्तराल में निस्तारण के लिए भी निर्देशित कर दिया जाता है। जन सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ताओं के द्वारा स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, जीडीए, विद्युत विभाग, बैंक, पेंशन, घरेलू झगड़े से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होने के पश्चात शिकायतकर्ताओं से फीडबैक लेना सुनिश्चित करें। इस मौके पर रणविजय सिंह अपर जिलाधिकारी प्रशासन सहित अन्य गणमान्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पड़ोसियों ने युवक पर किया जानलेवा हमला

## घायल अवस्था में कोतवाली शिकायत करने पहुंचा



**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक युवक पर जानलेवा हमले की खबर आई है। अच्छेजा बुजुर्ग गांव में पड़ोसियों ने एक युवक पर लोहे के पंच से जानलेवा हमला कर दिया। घटना बुधवार की सुबह की है, जब पीड़ित विपिन अपने घर से बाहर जा रहे थे। पीड़ित के अनुसार, पड़ोसियों ने पहले उनके साथ गाली-गलौच शुरू की। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने मिलकर लोहे के पंच से हमला कर दिया। हमले में विपिन बुरी तरह घायल हो गए और खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़े। आरोपी धमकी देकर मौके से फरार हो गए। परिजनों ने घायल विपिन को तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पीड़ित का आरोप है कि हमलावर दबंग प्रवृत्ति के हैं और गांव में आए दिन किसी न किसी के साथ मारपीट करते रहते हैं। पीड़ित ने यह भी बताया कि पूर्व में की गई शिकायतों पर भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पुलिस ने मामले में शिकायत ले ली है। साथ ही कहा है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।




सुभाष शर्मा | वरिष्ठ संवाददाता

### पश्चिम वाले लग गये लाईन में कुछ तो बात है भगवा जिले की कप्तानी में

जिले से जनरल तो विदाई ले गये और कमांडर की आमद विधानसभा में एज ए विधायक हो गई। विधायक जी सासंद बन गये और अब जंग सिटी कमांडर के लिये हो रही है। सगंठन से लेकर ध्वज प्रणाम वालों के भाईसाहब ये देखकर हैरान कि अब से पहले अध्यक्ष बनने के लिये ऐसी होड़ नही थी और ऐसी दौड़ भी नही देखी थी। सीन कुछ ऐसा है कि महानगर की भगवा कप्तानी संभालने के लिये रेलवे के एडीजी से लेकर क्राइम बांच के डीआईजी लाईन में लगे हुये हैं। उल्टे बांस बरेली वाला सीन बना हुया है। जब नाम गिनाये गये तो बताया गया कि आप उन्हे देखों जिनके पास दायित्व ही वेस्ट यूपी का है मगर वो भी महानगर की कप्तानी के लिये पूरी रवानी में हैं। गोयल्स बंधु सीनियर भी और वेस्ट में भी मगर फिर भी कप्तानी चाहिये महानगर की। शर्मा जी तो वेस्ट से नीचे बात ही नही करते मगर वो भी जाकर बायोडाटा देकर आये कि देख लो कुछ बात बनती हो तो। महानगर अध्यक्ष बनने के लिये ऐसी दीवानगी देखी नही ।

### जाट ने की तारीफ तो यादव जी ने कर दिया पंडित जी को ही ब्लाक

इन दिनो प्यार मौहब्बत अखलाक तकरार का पता व्यवहार से कम और मोबाईल फोन से लेकर सोशल मीडिया से ज्यादा चलता है। अब बोलचाल बंद का सीन ब्लाक से होता है और सपोर्ट का पता लाईक कमेंट बताते हैं। किस्सा यूथ क्रांतिवीर की तारीफ से जुड़ा है और सुना है कि यादव जी से तारीफ बरदाश्त नही हुई। चौधरी साहब ने जब क्रांतिवीर पंडित जी की शान में कुछ कहा तो वो शब्द यादव जी के प्राण पर लगे। सुना है कि फिर और तो उनसे क्या ही होता लेकिन यादव जी ने पंडित जी को सबसे पहले अपने फोन में ब्लाक कर दिया। अब समझ में ये नही आ रहा कि अरे तारीफ तो जाट ने की थी तो पारा भी जाट पर हाई होना चाहिये था मगर पंडित जी पर ब्लाकवाली कार्यवाही क्यों कर दी यादव जी ने। मामला एक ही दल के तीन नेताओं का हैं और पूछने वाले पूछ रहे है कि पंडित जी की तारीफ तो कई अफसर भी करते हैं और कई फूल वाले भी करतें हैं तो क्या यादव जी उन सबके नबंर भी अपने फोन में ब्लाक कर देगें।

### नेता सिर्फ इतना बतायें कि हमनें इन कार्यकर्ताओं के काम कराये

फूलवालों के यहां देवतुल्य को सारे काम बताये जाते हैं मगर वो अपना कोई काम बता दें तो उसे सारे रूल बताये जाते हैं। नैतिकता का पहाड़ा पढ़ाया जाता है और समझाया जाता है कि अपनी ही सरकार में किसी अफसर के खिलाफ कुछ कहेगें तो सरकार की ही बदनामी होगी। देवतुल्य को लाभार्थी भी तलाशने हैं और उसे घर घर जाकर झंडा भी लगाना है। बस्ते पर भी उसे ही बैठना है और वोटर पर्ची भी घर घर देने वो ही जायेगा। बात चुनाव के टिकट की दावेदारी से लेकर संगठन में पद की चली तो मानक भी एक वरिष्ठ देवतुल्य ने ही बताया। उन्होने कहा कि दावेदार से ये जरूर पूछा जाये कि उन्होने किस किस कार्यकर्ता का कौन कौन सा काम कराया। अपने आप पता चल जायेगा कि दावेदार कितना सक्षम हैं और कितना कर्मठ हैं। जब देवतुल्यों का इन दावेदारों से आमना सामना होगा तभी तो पता चलेगा कि मदद किसने किसकी की है और किस लिये की है। नेताओं से ये सवाल पूछा भी जाये और नेता इस जवाब को जरूर ही बतायें।

# मोबाइल टावर से करोड़ों की चोरी करने वाला इनामी गिरफ्तार



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** क्राइम ब्रांच ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए मोबाइल टावरों से महंगे उपकरण चोरी कर विदेश में बेचने वाले गिरोह के 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश को राजस्थान के जोधपुर से गिरफ्तार किया है। गाजियाबाद के थाना निवाड़ी क्षेत्र का रहने वाला आरोपी राहुल एक बड़े अंतरराज्यीय गिरोह का सदस्य है। एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद राय के अनुसार, यह गिरोह दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, बिहार, असम, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पंजाब और मध्य प्रदेश में जियो और एयरटेल कंपनी के मोबाइल टावरों से यूनिट बैटरी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चुराता था। चोरी किए गए इन उपकरणों को विदेशों में बेचा जाता था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 15 लाख रुपये कीमत की दो रेडियो रिसीवर यूनिट बरामद की हैं। इस गिरोह में हर सदस्य की अलग-अलग भूमिका थी - कुछ चोरी करते थे, कुछ माल की डिलीवरी करते थे और कुछ विदेशों में बिक्री का काम देखते थे। अब तक इस गिरोह के 46 सदस्य गिरफ्तार किए जा चुके हैं और उनसे भारी मात्रा में चोरी के उपकरण बरामद हुए हैं। पुलिस के मुताबिक, इन उपकरणों की चोरी से मोबाइल नेटवर्क सेवाएं प्रभावित होती थीं। पुलिस टीम गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

# ज्योतिष आचार्य धर्मगुरु डॉ.एच.एस.रावत ने किया इंटरनेशनल एस्ट्रोलॉजी ऐप एस्ट्रो हेल्प का उद्घाटन

## देश के विश्वविख्यात ज्योतिष आचार्य बताएंगे आपकी हर समस्या का समाधान 1 मिनट में



**नई दिल्ली।** प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में इंटरनेशनल एस्ट्रोलॉजी का ऐप लॉन्च हुआ। एस्ट्रो हेल्प मी प्ले स्टोर पर जाकर कोई भी डाउनलोड कर सकता है और ज्वाइन हो सकता है। देश के विश्व विख्यात ज्योतिष आचार्य बताएंगे आपकी हर समस्या का समाधान 1 मिनट में ही। मंगलवार को इसका उद्घाटन विश्व के नंबर वन ज्योतिष आचार्य धर्मगुरु डॉ.एच.एस.रावत, आचार्य डॉ राजेश ओझा सनातन धर्म के लिए जाने-माने चेहरे हैं और गांव रक्षा सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। विश्व के युवा मोटिवेशन और ज्योतिष आचार्य मानवेंद्र रावत, इंटरनेशनल ज्योतिष आचार्य रेमेडी स्पेशलिस्ट डॉक्टर प्रणव कुमार शास्त्री और धर्मगुरु ज्योतिष आचार्य, डॉ. अलका शर्मा, डॉ. अनिल मित्र, डॉ. शेफाली, आचार्य डीके जैन, आचार्य राजेश शर्मा, प्रवीण सोनी, डॉ. ललित जोशी, दीप्ति सलवान, एस्ट्रो सोमिका सिंह, पंडित बृजभूषण शर्मा, आचार्य कश्यप, आचार्य मनोज वर्मा, आचार्य मनोज शर्मा, आचार्य भारत भूषण, आचार्य रविंद्र भारद्वाज, आचार्य अनीता कपूर, आचार्य शिवकुमार पांडे, आचार्य प्रभात मिश्रा, आचार्य राजीव रंजन, आचार्य प्रियंका बोरा, आचार्य नेहा सिंह, आचार्य राजीव दुबे, एस्ट्रो राम अवतार, एस्ट्रो राजन सोनी, एस्ट्रो अनीता सिंह, आचार्य परिमल गौड़, सचिन चौधरी, सत्येंद्र शर्मा, मधु शर्मा, प्रीती अरोरा, देवेंद्र राजा, निहाल सिंह राठी और सैकड़ो ज्योतिष आचार्य उपस्थित रहे। आज विश्व के नंबर वन ज्योतिष आचार्य डॉ. एच.एस. रावत द्वारा इस टेस्ट तो हेल्प मी अप की शुरूआत की गई है।




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पुष्पांजलि महिला सेवा संस्थान द्वारा मकर संक्रांति पर्व पर शिक्षा ओर समानता का संदेश दिया गया। संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पा प्रसाद ने बच्चों को शिक्षण साम्रगी उपहार के रूप में दी। इस अवसर पर संस्था के सदस्य आदित्य राज तथा दीप कमल का जन्मदिन भी मनाया गया। इस अवसर पर रेनू सिंह, उमा चौहान, सुषमा चौहान, सीमा, सोनू, वैशाली, दुर्गा प्रसाद मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष हेमन्त त्यागी का जोरदार स्वागत







**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** बड़े हर्ष का विषय है वार्ड 11 में राष्ट्र गौरव पब्लिक स्कूल के प्रांगण में नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष हेमन्त त्यागी का सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत। मंडल अध्यक्ष, साथ में वार्ड 6 के पार्षद विनोद पटेल बैठक में पधारे। कार्यकर्ताओं ने किया जबर्दस्त स्वागत। स्वागतकर्ता मंडल महामंत्री मनोज कुमार त्यागी, सी पी सिंह, अनुज त्यागी, धर्मेंद्र, रवींद्र, सर्वेश पाल, राजेंद्र पंथ, सतेंद्र त्यागी, तेजपाल, मेहरबान, शिवेंद्र, विनय, पवन, अखिलेश, कपिल चौहान, चंद्र शेखर, जय श्री राम जी अभिनेत्र, एम डी यादव, राजेंद्र नेगी, पंचम, और अन्य सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में भाग लिया।

# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने म्यूटेशन प्रक्रिया को बनाया सरल

## म्यूटेशन के लिए आवेदन करने पर वारिसान का एनओसी नहीं होगा अनिवार्य




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जनहित को ध्यान में रखते हुए गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने म्यूटेशन प्रक्रिया को सरल और समयबद्ध बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब रजिस्टर्ड वसीयत के आधार पर म्यूटेशन के लिए आवेदन करने पर वारिसान का शपथ पत्र (एनओसी) अनिवार्य नहीं होगा।

पूर्व में, म्यूटेशन प्रक्रिया के तहत सभी वारिसान से एनओसी/शपथ पत्र की अनिवार्यता थी। हालांकि, म्यूटेशन हेतु नियमावली 2021 लागू होने के बाद यह पाया गया कि रजिस्टर्ड वसीयत के मामलों में इस प्रक्रिया को सरल बनाया जा सकता है। इस संदर्भ में, गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के निर्देश पर सचिव जीडीए की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई। इस समिति में अपर सचिव, प्रभारी व्यवसायिक और विधि अधिकारी को सदस्य के रूप में शामिल किया गया। समिति ने नियमावली का गहन अध्ययन और विचार-विमर्श करने के बाद यह निर्णय लिया है:

यह निर्णय म्यूटेशन प्रक्रिया को अधिक जनोन्मुखी बनाने और नागरिकों को अनावश्यक विलंब से बचाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। जीडीए का यह प्रयास नागरिकों के हितों को प्राथमिकता देते हुए प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुगम और पारदर्शी बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

- रजिस्टर्ड वसीयत के आधार पर म्यूटेशन आवेदन के लिए सभी वारिसान का एनओसीअनिवार्य नहीं होगा।
- रजिस्टर्ड वसीयत को संबंधित तहसील से सत्यापित किया जाएगा।
- म्यूटेशन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए एक राष्ट्रीय अखबार में आपत्ति/सुझाव हेतु सूचना प्रकाशित की जाएगी।
- जनता की सुविधा के लिए म्यूटेशन प्रक्रिया को समयबद्ध और सरल बनाया जाएगा।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने अपनी जीवन साथी आंचल लव के साथ अपनी सफल सुखद खुशहाल वैवाहिक जीवन यात्रा का एक ओर पड़ाव सफलता पूर्वक पूरा किया। मैरिज एनिवर्सरी की खुशी को हिमांशु लव ने अपने परिवार समर्थकों शुभचिंतकों के साथ साझा किया। उन्होंने फेसबुक पोस्ट पर भी इस अंदाज में ये खुशी साझा की। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# राष्ट्रीय सैनिक संस्था ने किया मकर संक्रांति पर खिचड़ी प्रसाद वितरण







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मकर संक्रांति के उपलक्ष में राष्ट्रीय सैनिक संस्था की शहर अध्यक्ष अंजू शर्मा ने मंगलवार को विवेकानंद नगर शनि मंदिर कविनगर पर खिचड़ी वितरण का आयोजन किया। दिव्यांग दिलीप कुमार को व्हीलचेयर उपलब्ध कराई जिसके लिए वह बहुत समय से परेशान थे। इस अवसर पर दिव्यांग विंग की जिला अध्यक्ष हैं उपस्थित रहीं। नमिता के हाथों व्हीलचेयर दिलवाई और सभी ने उनका सम्मान किया। इस अवसर पर नमिता भल्ला ने अंजू शर्मा को बहुत-बहुत आभार प्रकट करते हुए उनकी पूरी टीम का आभार प्रकट किया। अंजू को आगे भी ऐसे ही उत्तम कार्य करने के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राष्ट्रीय सैनिक संस्था की समस्त टीम उपस्थित थी। कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी द्वारा चलाई जा रही राष्ट्रीय सैनिक संस्था में इस तरह के अनूठे कार्यक्रम होते रहते हैं जिसमें हमें उनका संपूर्ण सहयोग मिलता है। इस अवसर पर शैल अग्रवाल, अंजू शर्मा, सीता सिंगल, शशि मिश्रा, रचना सिंगल, रश्मि गोयल, नमिता भल्ला आदि सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।



# आग का तांडव : 7 दिन, 21 लाख करोड़ स्वाहा

## एक बार फिर तेज हो सकती है लॉस एंजेलिस में तबाही!

**लॉस एंजेलिस ।** हॉलीवुड की वजह से लॉस एंजेलिस को पूरी दुनिया जानती है. 35 किलोमीटर और 3 लाख 21 हजार एकड़ में बसे इस शहर की कुल आबादी 38 लाख है. ये वो चमकता शहर है जिसकी चमक से पूरी दुनिया चौंधिया जाती है. बड़े-बड़े सितारों और मिलेनियर-बिलेनियर के आलीशान और महंगे घर इसी शहर में हैं. इसी शहर की दूसरी तस्वीर पिछले एक हफ्ते से पूरी दुनिया देख रही है. अपनी फिल्मों से परदे पर आग लगाने वाला हॉलीवुड आज खुद कुछ यूं आग की चपेटे में है. सिर्फ 7 दिनों में 3 लाख 21 हजार एकड़ वाला लॉस एंजलिस 40 हजार एकड़ को अपनी आंखों से खाक होते देखता रह गया।








बड़े-बड़े सितारे इसी आग की वजह से बेघर हो गए। हजारों आशियाने जलकर खाक हो गए। सिर्फ सात दिनों की इस आग ने लगभग 250 बिलियन अमेरिकी डॉलर यानि 20 लाख करोड़ रुपए की मिल्कियत को स्वाहा कर दिया। ये रकम 3 साल के भारतीय डिफेंस बजट से भी कहीं ज्यादा है। पिछले सात दिनों से यानि 7 जनवरी से लॉस एंजलिस सुलग रहा है। इसी के साथ ये सुलगता सवाल भी पूछा जा रहा है कि आखिर क्या वजह है अमेरिका इस आग के आगे बेबस है।

सात दिन बाद भी इस आग पर काबू क्यों नहीं पाया जा सका है। उससे भी सुलगता सवाल ये कि इस आग की शुरूआत कैसे हुई। तो चलिए सिलसिलेवार इन सुलगते सवालों के जवाब जानते हैं। 7 जनवरी की दोपहर लॉस एंजलिस में इस आग की शुरूआत एक बीच किनारे बने आलीशान घरों से हुई। मैलिबू के करीब पैसिफिक पैलिसेड्स इलाके में बीच किनारे तमाम आलीशान घर बने थे। दोपहर का वक्त था। हवा की रफ्तार बेहद तेज थी। लगभग 50 से 60 मील प्रति घंटा।

चश्मदीदों की मानें तो लाइटनिंग यानि बिजली के गिरने की कोई घटना भी नहीं हुई थी। लॉस एंजलिस में आग लगने की सबसे बड़ी वजहों में से हमेशा एक अहम वजह लाइटनिंग को ही मानी जाती है। लेकिन 7 जनवरी को कोई लाइटनिंग नहीं हुई थी। बल्कि इस आग की शुरूआत एक घर से हुई। जो ठीक बीच के सामने था। इसके बाद देखते ही देखते उस बीच के किनारे जितने भी घर थे। एक एक कर धूं-धूं जल उठे। हवा की रफ्तार इतनी तेज थी कि आग पर काबू पाना नामुमकिन हो चुका था।

लॉस एंजेलिस फायर डिपार्टमेंट के चीफ क्रिस्टेन क्रॉली के मुताबिक पेसिफिक पैलिसेड्स में पहले ही दिन आग से कुल 53 सौ घर जलकर खाक हो गए।

यानि आग ने पहला कहर पानी के नजदीक। समंदर के सामने बने घरों पर ढाया। इस आग ने कुल 23 हजार 700 एकड़ के दायरे में मौजूद हर चीज को जला दिया था। पैसिफिक पैलिसेड्स में लगी आग में 8 लोगों की जाने गईं। 8 जनवरी की तारीख आ गई थी। पैसिफिक पैलिसेड्स से 50 मील की दूरी पर फिर एक आग पकड़ती है। लॉस एंजेलिस के पूर्व की तरफ ईटन के पैसाडीना और अल्ट्राडीना में लगी इस आग ने लगभग 14 हजार एकड़ को अपने चपेट में ले लिया। देखते ही देखते 7 हजार स्ट्रक्चर जलकर खाक हो गए। जिस वक्त यहां आग लगी तब यहां आग की रफ्तार 60 मील प्रति घंटा से कहीं ज्यादा थी।

## रूस का यूक्रेन पर मिसाइल हमला, डर के चलते सरकार ने रोकी बिजली आपूर्ति, कई शहर अंधेरे में डूबे

**कीव ।** रूस ने यूक्रेन पर बड़ा मिसाइल हमला किया है। इसके चलते यूक्रेन ने बचाव के लिए अपने कई शहरों में बिजली की आपूर्ति बंद कर दी है। यूक्रेन के ऊर्जा मंत्री ने बुधवार को सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। यूक्रेन के ऊर्जा मंत्री ने फेसबुक पर लिखा कि 'दुश्मन देश यूक्रेन के लोगों को डराने में लगा है।

### यूक्रेन के ऊर्जा मंत्री ने दी जानकारी

यूक्रेन के ऊर्जा मंत्री हरमन हलुश्चेंको ने लोगों से सुरक्षित पनाहगाहों में जाने की अपील की और सरकार की तरफ से दिए जाने पर वाले अपडेट पर नजर रखने को कहा। यूक्रेन की सरकारी बिजली कंपनी यूक्रेनगो ने बताया कि कई शहरों में बिजली आपूर्ति रोक दी गई है। जिन इलाकों में बिजली आपूर्ति रोकी गई है, उनमें खारकीव, सूमी, पाल्टोवा, जापोराजिया आदि क्षेत्र शामिल हैं। रूस ने बुधवार सुबह को मिसाइलों से हमला किया। इन हमलों में यूक्रेन के पश्चिमी लीव क्षेत्र में ऊर्जा ढांचे को निशाना बनाया गया। लीव शहर के मेयर ने यह जानकारी दी। हालांकि इस हमले में किसी तरह से बड़े नुकसान की खबर नहीं है।



### रूस-यूक्रेन युद्ध से भारत में भी पैदा हुआ ऊर्जा संकट

यूक्रेन की वायुसेना ने भी रूस की तरफ से कई मिसाइलें दागे जाने का दावा किया है। हालांकि अभी तक किसी बड़े नुकसान का कोई दावा नहीं किया गया है। रूस द्वारा लगातार यूक्रेन के ऊर्जा ढांचे पर हमले किए जा रहे हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध को अगले महीने तीन साल का समय पूरा हो जाएगा। इस युद्ध का असर न सिर्फ रूस और यूक्रेन, बल्कि पूरी दुनिया पर पड़ा है। इस युद्ध ने वैश्विक स्तर पर ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को बाधित किया है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। युद्ध के चलते भारत समेत दुनिया के कई देशों को रूस से होने वाली एलएनजी की आपूर्ति प्रभावित हुई, जिससे ऊर्जा का संकट पैदा हुआ।

## वर्जीनिया में गर्भपात, मतदान, विवाह समानता की रक्षा के लिए प्रस्ताव पारित

**नई दिल्ली ।** वर्जीनिया राज्य के हाउस ऑफ डेलिगेट्स ने मंगलवार को गर्भपात, मतदान और विवाह समानता के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए प्रस्ताव पारित किए हैं। अब ये प्रस्ताव सीनेट में भेजे जाएंगे। इस प्रस्ताव के दोनों सदनों से पारित होने के बाद वर्जीनिया में लोग गर्भपात, मतदान अधिकार और विवाह समानता जैसे मुद्दों पर लोग जनादेश के लिए मतदान कर सकेंगे। वर्जीनिया में डेमोक्रेट्स के पास 51-49 से मामूली बढ़त है। गर्भपात की रक्षा करने वाले इस संशोधन के संरक्षक डेमोक्रेटिक नेता चार्निएल हेरिंग ने कहा, 'मुझे हमारे वर्जीनिया मतदाताओं पर भरोसा है। अन्य डेमोक्रेट नेता कैंडी मुंडन किंग ने कहा कि इस प्रस्ताव से गर्भधारण के चलते जिन महिलाओं की जान खतरे में होती है, उनकी रक्षा हो सकेगी। बहस के दौरान रिपब्लिकन डेलीगेट्स ने गर्भपात अधिकार संशोधन की आलोचना की।



रिपब्लिकन डेल मार्क अर्ली ने कहा कि भ्रूण में भगवान की छवि होती है और ये प्रस्ताव इस छवि को पहचानने में विफल रहा है। यह प्रस्ताव अतिवादी है। साथ ही यह मौलिक रूप से गुमराह करने वाला है। गौरतलब है कि साल 2022 से, पूरे अमेरिका में मतदाताओं के सामने 18 प्रश्न किए गए और उन्होंने 14 बार गर्भपात के अधिकार का पक्ष लिया है। मतदाताओं ने नौ राज्यों - एरिजोना, कैलिफोर्निया, कोलोराडो, मैरीलैंड, मिशिगन, मिसौरी, मोंटाना, ओहियो और वर्मोंट में गर्भपात का अधिकार देने वाले संविधान संशोधनों को मंजूरी दे दी है।

## भ्रष्टाचार मामले में बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया बरी, सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया फैसला

**ढाका ।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बीएनपी की अध्यक्ष खालिदा जिया को बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने भ्रष्टाचार के मामले में बरी कर दिया। पूर्व पीएम खालिदा जिया को 2018 में जिया चैरिटेबल ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में हाईकोर्ट ने दोषी ठहराया था और 10 साल की सजा सुनाई थी।



बांग्लादेशी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डॉ. सैयद रेफात अहमद की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह फैसला सुनाया। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने जिया खालिदा, बीएनपी के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान और अन्य सभी संदिग्धों को जिया अनाथालय ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में उनकी अपील में बरी कर दिया। कोर्ट ने कहा कि यह मामला बदले की भावना से प्रेरित था।

साल 2011 में भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एसीसी) ने पूर्व प्रधानमंत्री और जिया चैरिटेबल ट्रस्ट की खालिदा और तीन अन्य खालिदा के राजनीतिक सचिव के खिलाफ तेजगांव पुलिस थाने में शक्तियों का दुरुपयोग करके ट्रस्ट के लिए अज्ञात स्रोतों से धन इकट्ठा करने का मामला दर्ज किया था। इस मामले में 8 फरवरी 2018 को ढाका की विशेष अदालत ने जिया को पांच साल की जेल की सजा सुनाई थी। इसी फैसले में जिया के बेटे तारिक और पूर्व मुख्य सचिव कमालुद्दीन सिद्दीकी समेत पांच अन्य आरोपियों को 10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। आरोपियों पर 2.1 करोड़ टका का जुमार्ना भी लगाया गया था। आरोपियों में तारिक, सिद्दीकी और जियाउर्रहमान का भतीजा मोमिनुर रहमान अभी भी फरार हैं।

इसके बाद पूर्व पीएम खालिदा जिया ने ट्रायल कोर्ट के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की थी। 30 अक्तूबर 2018 को जस्टिस एम इनायतुर रहीम और जस्टिस एमडी मुस्तफिजुर रहमान की पीठ ने सजा को बढ़ाकर 10 साल कर दिया। इसके बाद जिया ने सजा के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील याचिका दायर की।

कानूनी प्रक्रिया और वकीलों की ओर से पहल न होने के चलते सालों तक अपील लटकी रही। 11 नवंबर 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने जिया की अपील की स्वीकार कर ली। इसके बाद अदालत ने अपील की अंतिम सुनवाई तक उच्च न्यायालय की 10 वर्ष की सजा पर भी रोक लगा दी। सुनवाई समाप्त होने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने जिया को बरी करने का फैसला सुनाया और आरोपों से मुक्त कर दिया। इलाज के लिए लंदन गईं हैं जिया बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया इलाज के लिए लंदन गईं हैं। खालिदा जिया मार्च 1991 से मार्च 1996 और फिर जून 2001 से अक्तूबर 2006 तक बांग्लादेश की प्रधानमंत्री रहीं।

## ट्विटर खरीदने से पहले ही मस्क ने खरीद लिए थे उसके शेयर, खुलासा नहीं करने पर एसईसी ने दर्ज कराया केस

**वॉशिंगटन ।** दिग्गज अरबपति एलन मस्क ने साल 2022 में सोशल मीडिया कंपनी एक्स (पूर्व में ट्विटर) का अधिग्रहण किया था। हालांकि अब उस डील को लेकर मस्क मुश्किल में फंसते नजर आ रहे हैं। दरअसल अमेरिका के बाजार के नियामक आयोग सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) ने एलन मस्क के खिलाफ मुकदमा दायर कराया है।

एसईसी का आरोप है कि मस्क ने एक्स खरीदने से पहले ही उसके शेयर खरीदे हुए थे, लेकिन मस्क ने एसईसी को इस बात की जानकारी नहीं दी थी। नियमों के उल्लंघन के चलते एसईसी ने मस्क के खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एलन मस्क ने साल 2022 की शुरूआत से ही ट्विटर के शेयर खरीदने शुरू कर दिए थे और मार्च 2022 तक मस्क के पास ट्विटर के 5 प्रतिशत से ज्यादा शेयर थे। शिकायत में कहा गया है कि मस्क ने 4 अप्रैल तक इसका खुलासा नहीं किया था।



जो नियमों का उल्लंघन है। मस्क ने अक्तूबर 2022 में ट्विटर का अधिग्रहण किया और बाद में उसका नाम बदलकर एक्स कर दिया था।

## अफ्रीका में बंद पड़ी सोने की खदान से अब तक 60 शव निकाले, 92 खनिक बचाए, सैकड़ों अभी भी फंसे

**स्टिलफोंटेन :** दक्षिण अफ्रीका में बंद पड़ी सोने की खदान में अवैध रूप से काम कर रहे खनिकों को बाहर निकालने का काम जारी है। मंगलवार को बचाव दल ने दर्जनों शव और जीवित बचे लोगों को बाहर निकाला। माना जा रहा है कि सैकड़ों लोग अभी भी भूमिगत सुरंग में फंसे हुए हैं। इनमें से कई मृत हो सकते हैं, और बाकी इतने कमजोर हैं कि वे खुद बाहर नहीं आ सकते।

पुलिस के अनुसार, सोमवार से खदान से कम से कम 60 शव और 92 जीवित लोगों को निकाला गया है। हालांकि, उन्हें नहीं पता कि अंदर कितने खनिक हैं, लेकिन यह संख्या सैकड़ों में हो सकती है। इससे पहले, खनिकों का प्रतिनिधित्व करने वाले समूह यूनाइटेड इन एक्शन ग्रुप ने शुक्रवार को बचाव अभियान चलाया। इस दौरान नौ शव खदान से बाहर निकाले गए।



नवंबर में अधिकारियों ने खनिकों की सतह से भोजन-पानी की आपूर्ति काट दी थी, जिसके बाद से पुलिस, खनिकों और स्थानीय समुदाय के बीच तनाव बना हुआ है। उस समय, एक कैबिनेट मंत्री ने कहा था कि इसका उद्देश्य खनिकों को बाहर निकालना नहीं है, क्योंकि वे अपराधी हैं और सरकार उन्हें मदद नहीं भेजेगी। इस पर नागरिक समूहों ने कड़ी आपत्ति जताई है।

### अब तक सुरंग से बाहर निकाले गए 60 शव

इससे पहले, यूनाइटेड इन एक्शन ग्रुप के प्रवक्ता सबेलो मंगुनी ने बताया था कि उत्तर पश्चिमी प्रांत में स्थित इस खदान में कम से कम 100 लोगों की मौत हुई है, और उनकी मौत भूख या प्यास से होने का संदेह है। पुलिस ने नवंबर में इन खनिकों को निकालने के लिए अभियान शुरू किया था। अब तक, 60 शव बाहर निकाले जा चुके हैं। पुलिस शवों और जीवित बचे लोगों की कर रही पुष्टि मंगुनी ने बताया था कि शुक्रवार को समूह द्वारा संचालित अभियान में नौ शव बरामद किए गए थे।

## शपथ ग्रहण से पहले ट्रंप का बड़ा एलान, देशों से टैरिफ वसूल करने के लिए बनाएंगे बाह्य राजस्व सेवा एजेंसी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शपथ ग्रहण करने से पहले बड़ा एलान किया है। ट्रंप ने विदेशी देशों के टैरिफ और अन्य राजस्व इकट्ठा करने के लिए बाह्य राजस्व सेवा नाम से नई एजेंसी बनाने की घोषणा की है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि हम उन लोगों से शुल्क वसूलेंगे जो हमसे व्यापार के जरिये पैसा कमाते हैं।

उन्होंने कहा कि वे लोग हमें भुगतान करना शुरू कर देंगे। मेरी योजना बाह्य राजस्व सेवा जैसी एजेंसी बनाने की है। यह अमेरिका में कर की वसूली करने वाली आंतरिक राजस्व सेवा एजेंसी जैसी होगी।

वहीं डेमोक्रेटिक सांसदों ने ट्रंप की नई योजना का विरोध किया। सीनेट की वित्त समिति के शीर्ष डेमोक्रेट ओरेगन सीनेटर रॉन विडेन ने कहा ऐसी मूर्खतापूर्ण रीब्रांडिंग से कुछ भी छिपने वाला नहीं है। ट्रंप की योजना अमीरों को कर में छूट देने और अमेरिकी परिवारों और छोटे व्यवसायों पर कर वृद्धि करने की है।



### रिपब्लिकन के पास संसद में बहुमत

अमेरिकी संविधान के मुताबिक नई एजेंसी के गठन के लिए संसद के अधिनियम की जरूरत होती है। रिपब्लिकन के पास सदन और सीनेट दोनों में बहुमत है। वहीं अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप पहले ही कह चुके हैं कि वह एक नई एजेंसी बनाएंगे जो मौजूदा एजेंसियों के कामों को संभालेगी।

इसमें वाणिज्य विभाग, सीमा शुल्क और सीमा गश्ती शामिल है। फिजूलखर्ची पर लगाम लगाने के लिए सरकारी दक्षता विभाग तैयार शपथ ग्रहण करने से पहले ट्रंप ने सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) को तैयार कर दिया है।

इसकी कमान दिग्गज कारोबारी एलन मस्क और उद्यमी विवेक रामास्वामी को सौंपी गई है। इस विभाग के तहत हजारों पुराने नियमों को समाप्त करने और सरकारी कर्मचारियों की संख्या घटाने की योजना बनाई गई है। यह विभाग सरकारी नौकरशाही को खत्म करने, अतिरिक्त नियमों को कम करने, फिजूल खर्चों में कटौती करने और संघीय एजेंसियों के पुनर्गठन का मार्ग प्रशस्त करेगा।

## फिटनेस एप के चलते फ्रांसीसी नौसेना की परमाणु पनडुब्बी की लोकेशन हुई लीक, खबर से पूरे फ्रांस में हड़कंप

**तकनीक ने इंसानी जीवन को बहुत आसान बना दिया है, लेकिन जैसे-जैसे जीवन में तकनीक का दखल बढ़ रहा है, वैसे ही इसके नुकसान भी सामने आ रहे हैं। ऐसे ही एक नुकसान से फ्रांस की नौसेना का सामना हुआ है। जिसमें फिटनेस एप के चलते गोपनीय सुरक्षा सूचना लीक हो गई**

**पेरिस ।** दरअसल फ्रांस की परमाणु पनडुब्बी पर तैनात अधिकारियों और चालक दल ने गलती से अपनी दौड़ और जॉगिंग के रिकॉर्ड को एक फिटनेस एप पर दर्ज किया, जिससे उनकी परमाणु पनडुब्बी की लोकेशन इंटरनेट पर लीक हो गई। सभी देशों की सेनाएं अपनी पनडुब्बियों की लोकेशन को सुरक्षा के चलते बेहद गोपनीय रखती हैं, लेकिन एक लापरवाही से बेहद गोपनीय सूचना सार्वजनिक हो गई।

फ्रांसीसी परमाणु पनडुब्बी के अधिकारी और चालक दल के सदस्य एक स्ट्रावा नामक फिटनेस एप का इस्तेमाल कर रहे थे। इस एप पर यूजर्स अपनी फिटनेस गतिविधियों की जानकारी साझा करते हैं, जिससे दुनियाभर में उनकी प्रगति की निगरानी की जा सकती है। इस एप की खासियत है कि इसमें यूजर्स द्वारा जैसे ही अपने फिटनेस लक्ष्य को हासिल कर लिया जाता है तो उसकी लोकेशन सटीक स्थान के साथ एप पर दिखनी शुरू हो जाती है। फ्रांसीसी नौसेना के जो अधिकारी और चालक दल के सदस्य स्ट्रावा एप का इस्तेमाल कर रहे थे, वे फ्रांस के ब्रेस्ट हार्बर में आइल लॉन्ग पनडुब्बी बेस पर तैनात थे।



यह लीक कितना बड़ा है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कथित तौर पर आइल लॉन्ग बेस पर चार फ्रांसीसी परमाणु पनडुब्बियां हैं, जिनमें से प्रत्येक 16 परमाणु मिसाइलों से लैस है, इन मिसाइलों की विस्फोटक तीव्रता हिरोशिमा और नागासाकी पर गिराए गए बमों से भी लगभग एक हजार गुना अधिक शक्तिशाली है। चार परमाणु पनडुब्बियों में से, जिन्हें 'ब्लैक बोट्स' के नाम से जाना जाता है, इनमें कम से कम एक साल 1972 से ही रोटेशनल आधार पर गश्त पर रहती हैं। ये पनडुब्बियां फ्रांसीसी राष्ट्रपति के आदेश के कुछ सेकंड के भीतर ही दुनिया में कहीं भी परमाणु हमला करने की स्थिति में होती हैं।

आइल लॉन्ग बेस में लगभग 2,000 सैन्यकर्मी रहते हैं और यह फ्रांस का एक शीर्ष गुप्त सैन्य क्षेत्र है। यह चौबीसों घंटे कैमरे की निगरानी, ड्रोन द्वारा निरंतर निगरानी, नियमित अंतराल पर बायोमेट्रिक स्कैनर से पहचान इसे एक किले की तरह सुरक्षित बनाती है। क्षेत्र में मोबाइल फोन प्रतिबंधित हैं। इतने भारी सुरक्षा इंतजामों के बावजूद, एक लापरवाही के चलते संवेदनशील जानकारी लीक हो गई। यह लीक स्मार्टवॉच के जरिए हुआ, जिसमें सैनिक अपने स्वास्थ्य और फिटनेस जांच के लिए थर्ड-पार्टी एप्लिकेशन का इस्तेमाल करते हैं, जो लीक का कारण बना।

# धूमधाम से मनाया गया राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप का जन्मदिन



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप का जन्मदिन बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। समर्थकों शुभचिंतकों भाजपा कार्यकर्ताओं तथा समाज के सभी वर्गों के लोगों ने नरेंद्र कश्यप को उनके जन्मदिन पर बधाई देते हुए उनकी लंबी आयु उत्तम स्वास्थ्य और यशस्वी जीवन की कामना की।